शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 134 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 09 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं सोनिया गांधी

### 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे, राष्ट्रपति द्रौपदी से मिले पीएम मोदी





**नई दिल्ली**

**कांग्रेस पार्टी** कार्यसमिति की बैठक के बाद शनिवार की शाम सेंट्रल हॉल में संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी को दल की नेता बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। सोनिया गांधी का संसदीय दल के अध्यक्ष पद के इस प्रस्ताव का पार्टी के सांसद गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने समर्थन किया। सेंट्रल हॉल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सोनिया गांधी जी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) का अध्यक्ष चुना गया है। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि सर्वसम्मिति से लिए इस निर्णय को मानते हुए सोनिया गांधी जी ने पद को स्वीकार कर लिया है। सोनिया गांधी के पुनः कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुने जाने पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हमारे लिए एक भावुक पल था जब हमने दोबारा सोनिया गांधी का कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष पद के लिए समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जब हमारे दल की स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी तब सोनिया गांधी ने हम सब को संबोधित करते हुए कहा था कि हम उस समय से उबर जाएंगे। यह उन्हीं शब्दों के नतीजे आज आपको वर्तमान में दिखाई दे रहे हैं।

**चुनावों की दृष्टि से उत्तर भारत में पार्टी का मजबूत होना जरूरी**

आधिकारिक तौर पर सोनिया गांधी या राहुल गांधी पार्टी के किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं, जबकि प्रियंका गांधी महासचिव हैं। चुनावों की दृष्टि से उत्तर भारत में पार्टी का मजबूत होना जरूरी है और इसको ध्यान में रखकर ही राहुल गांधी को नेता विपक्ष का पद स्वीकार करने का आग्रह किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी से यह आग्रह किया जा रहा है कि वे रायबरेली की सीट भी अपने पास रखें। इससे भी पार्टी को उत्तर भारत में मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसके पहले चर्चा थी कि राहुल गांधी रायबरेली की सीट छोड़ेंगे और प्रियंका गांधी इस सीट पर चुनाव लड़कर परिवार की राजनीति को आगे बढ़ाएंगी।

**गरीब, वंचित, बेरोजगारों की आवाज हैं राहुल गांधी- विश्व विजय सिंह**

उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्व विजय सिंह ने अमर उजाला से कहा कि राहुल गांधी इस समय देश की राजनीति में गरीबों, वंचितों, बेरोजगार युवाओं, आदिवासियों, अनुसूचित जातियों-जनजातियों और अल्पसंख्यकों की सबसे मजबूत आवाज बनकर उभरे हैं। कांग्रेस ने इन्हीं वर्गों के मुद्दों को उठाते हुए लोकसभा चुनाव लड़ा और सफलता हासिल की। ऐसे में यदि राहुल गांधी नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, तो वे संसद से लेकर सड़क तक सरकार पर लगातार इन वर्गों के लिए काम करने का दबाव बनाने में सफल होंगे। इससे कांग्रेस पार्टी को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

**लोगों के चहेते राहुल गांधी को बधाई**

खरगे ने सोनिया गांधी का भी आभार जताया। कहा, 'इस अवसर पर मैं सोनिया गांधी जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने चुनाव की तैयारियों, गठबंधन की बैठकों में बढ़चढ़कर भाग लिया और अपने लंबे अनुभव के आधार पर हम सब का मार्गदर्शन किया। मैं लोगों के चहेते राहुल गांधी को भी बधाई दूंगा, जिन्होंने संविधान, आर्थिक गैर बराबरी, बेरोजगारी और सामाजिक न्याय और सौहार्द्र जैसे मसलों को जन-जन का मुद्दा बना दिया।'

## सत्ता में हो या नहीं, हमें निरंतर काम करते रहना है: प्अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली**

**लोकसभा चुनाव** के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ। बैठक करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए। बैठक में खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता में हो या नहीं, हमें निरंतर काम करते रहना है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस कार्यसमिति देशभर में फैले कांग्रेस पार्टी के नेताओं और करोड़ों कार्यकताओं का धन्यवाद करती है, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में अथक परिश्रम किया। मैं आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प और परिश्रम के लिए बधाई देता हूं।'

**जनता ने संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया**

उन्होंने आगे कहा कि जनता ने हम पर विश्वास जताकर तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया है। हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने कांग्रेस के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। कहा कि18वीं लोकसभा का सदस्य बनने पर सभी को शुभकामनाए।

### 'परिश्रम और संकल्प से हम बड़े से बड़े विरोधी को मात दे सकते है'

**कांग्रेस** अध्यक्ष ने कहा, 'यह राहुल के नेतृत्व में दो साल पहले चार हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा और फिर 6,600 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फल है, जिसकी मदद से हमें जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं, सरोकारों, और आकांक्षाओं को जानने में मदद मिला। इसी आधार पर कांग्रेस पार्टी ने अपना चुनावी अभियान तैयार किया।' इसके अलावा, खरगे ने प्रियंका को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम प्रियंका को अमेठी और रायबरेली के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी जोरदार प्रचार करने के लिए बधाई देते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं कांग्रेस के अपने सभी वरिष्ठ सहयोगियों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने एक टीम की तरह काम किया। ये हमारे सामूहिक प्रयासों का ही असर था कि देशभर में हमारे कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया। उन्होने अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमें यह बात हमेशा याद रखनी है कि परिश्रम और संकल्प से हम बड़े से बड़े विरोधी को मात दे सकते है।' उन्होंने आगे कहा, 'यहां मैं इस बात का भी खास उल्लेख करना चाहूंगा कि जहां-जहां से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां पर कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत और सीटों में बढ़ोतरी हुई।

### पार्षदों की बैठक में निर्णय, संगठन को और मजबूत करेगी आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के नतीजों और भविष्य की रणनीति को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी के सभी पार्षदों की बैठक हुई। चुनाव के बाद यह पहली बैठक है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव के परिणामों को लेकर समीक्षा की। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने बैठक को लेकर कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का निर्णय लिया है। साथ ही पार्टी दिल्ली की जनता के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई जारी रखेगी। पाठक ने बैठक में हुई चर्चा की जानकारी साझा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद दिल्ली के सभी पार्षदों के साथ पहली बैठक है। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। देश की जनता ने जिस तरह का जनादेश दिया है। आज हर तरफ इस बात की चर्चा है कि दिल्ली के साथ पिछले 10 साल से भाजपा लगातार अन्याय कर रही है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाल दिया। सांसद संजय सिंह को भी जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली के अधिकारों के साथ लगातार खेल खेला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अध्यादेश लाकर चुनी हुई सरकार के अधिकार पूरी तरह से खत्म कर दी गई। हम आशा करते हैं कि भाजपा को एक बार फिर सबक मिलेगा और इस जनादेश से सबक सीख कर दिल्ली के लोगों के अधिकार वापस देंगे। बैठक में वार्ड स्तर पर चुनाव को लेकर आई रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई।

### स्मृति और स्वाति सहित 13 लोगों ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली**

निवर्तमान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल सहित 13 लोगों ने शनिवार को अलग-अलग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, स्मृति ईरानी ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।

## मांग: राहुल गांधी बनेंगे नेता विपक्ष!

**नई दिल्ली**

कांग्रेस कार्यसमिति की शनिवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि फिलहाल राहुल ने नेता प्रतिपक्ष का पद स्वीकारने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अभी इस बारे में विचार करने के लिए समय चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस को पिछले तीन लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार बेहतर स्थिति में है। वह 99 सदस्यों के साथ



संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। विपक्ष का नेता पद का दावा करने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 10 प्रतिशत निर्वाचित सदस्य होने जरूरी हैं। पिछले दो लोक सभा चुनावों में कोई भी दल इस आहर्ता को पूरा नहीं कर सका था। कांग्रेस इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ी है। आज कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से पहले सभी पार्टी नेताओं का कहना था कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता पद स्वीकार करना चाहिए। शनिवार सायंकाल ही कांग्रेस संसदीय दल की बैठक भी आयोजित की जानी है, जिसमें संसदीय दल का नेता चयनित किया जाएगा।

**उत्तर-दक्षिण भारत का पार्टी में संतुलन**

साथ ही राहुल गांधी के नेता विपक्ष बनने से पार्टी में उत्तर और दक्षिण भारत का संतुलन बनाने में भी मदद मिलेगी। अभी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव केसी वेणुगोपाल दक्षिण से हैं, जबकि उत्तर भारत से पार्टी का कोई बड़ा नेता पार्टी के बड़े पद पर मौजूद नहीं है। दिग्विजय सिंह, आनंद शर्मा जैसे उत्तर भारत के नेता चुनाव हार गए हैं, तो अशोक गहलोत जैसे नेता चुनाव में उतरे ही नहीं थे। इससे उत्तर भारत का पार्टी में प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ गया है। गांधी परिवार कांग्रेस में सबसे मजबूत हैं।

## केरल में भाजपा की जीत पर कांग्रेस में मचा बवाल



**त्रिशूर**

केरल के त्रिशूर में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। पार्टी नेता के मुरलीधरन की हार के मुद्दे पर बढ़े विवाद के कारण त्रिशूर जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) कार्यालय में मारपीट की नौबत आ गई। इस मामले में शनिवार को त्रिशूर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जोस वल्लूर और 19 अन्य सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर डीसीसी सचिव सजीवन कुरियाचिरा की शिकायत पर दर्ज की गई है। कुरियाचिरा ने शिकायत में कहा है कि उन्हें वल्लूर और उनके समर्थकों ने शुक्रवार को कार्यालय में पीटा।

जिला ईकाई में विवाद

कुरियाचिरा मुरलीधरन के करीबी माने जाते हैं, जिन्होंने त्रिशूर में पार्टी की हार के लिए पूर्व सांसद टीएन प्रतापन और वल्लूर को दोषी ठहराया है। मुरलीधरन की हार से पार्टी की जिला इकाई में विवाद पैदा हो गया।

बुधवार को त्रिशूर डीसीसी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाए गए थे, जिसमें अप्रत्याशित हार के लिए जिला नेतृत्व की आलोचना की गई थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुरेश गोपी ने त्रिशूर से 74 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल की है। यह पहली बार है, जब केरल में कमल खिला है। मुरलीधरन को तीसरा स्थान मिला था।

## 'चीन से द्विपक्षीय संबंधों को बनाने के लिए प्रयास जारी रखेंगे'

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारत के नामित पीएम नरेन्द्र मोदी को चुनावी जीत पर बधाई देने के लिए चीन को धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा है कि वह पारस्परिक सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।

भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए



गए बधाई संदेश का जवाब दे रहे थे। भारत लगातार यह कहता रहा है कि समग्र संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति महत्वपूर्ण है। पांच जून को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और एनडीए को चुनाव में जीत पर बधाई। हम एक स्वस्थ और स्थिर चीन-भारत संबंध की आशा करते हैं। पांच में से चार पी-5 देशों के नेताओं ने मोदी को तीसरा कार्यकाल जीतने पर बधाई दी है। हालांकि, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से अब तक कोई बधाई संदेश नहीं आया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों, रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, चीन और फ्रांस को पी5 राष्ट्र के रूप में जाना जाता है। भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है।

**मोदी ने यमन के पीएम को दिया धन्यवाद**

मोदी ने लोकसभा चुनाव में जीत पर बधाई देने के लिए यमन के प्रधानमंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक और सेंट किट्स और नेविस के प्रधानमंत्री टेरेंस ड्रू को धन्यवाद दिया।

## दिल्ली में चार क्लस्टर डिपो के बस चालकों और संवाहकों की हड़ताल

**नई दिल्ली**

**दिल्ली के चार क्लस्टर** बस डिपों में कर्मचारियों की हड़ताल से कई रूटों पर बस सेवा ठप हो गई है। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग के कलस्टर के 7 डिपो बंद होने जा रहे हैं। उनके कर्मचारियों को 19 जून से नौकरी से विरत कर दिया जाएगा। इसके विरोध मे कर्मचारी आंदोलन पर उतर आये हैं। मनोज का कहना है कि अगर इसे रोका नहीं गया तो यूनियन के लोग विशाल प्रदर्शन करेंगे। सरकार के विरोध में शनिवार को यूनियन के सभी लोग सीमापुरी दिलशाद गार्डन डिपो के गेट पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। दिल्ली में डीटीसी की क्लस्टर बसों के संचालन की मॉनीटरिंग करने वाली कंपनी दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्ट्स) ने 350 कर्मचारियों का अनुबंध खत्म कर दिया है।

## सेना के कंधे मजबूत करने के लिए मिले नए 473 युवा सैन्य अधिकारी

**नई दिल्ली**

देश के नए सैन्य अधिकारी सीमा की रक्षा को तैयार हैं। उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद भारतीय सेना को 355 युवा अधिकारी मिले। इसके अलावा मित्र देशों के 39 कैडेट भी अकादमी से कड़ा प्रशिक्षण लेकर अपनी-अपनी सेना का हिस्सा बने हैं। सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार ने बतौर निरीक्षण अधिकारी परेड की सलामी ली। इस बार भी परेड में उत्तराखंड का रुतबा कायम रहा। पासिंग आउट कोर्स के लिए मिलने वाले पुरस्कारों में तीन उत्तराखंड के कैडेट के नाम रहे। वहीं, बिहार ओटीए में भी पासिंग आउट परेड के बाद



भारतीय सेना व असम रायफल्स को मिले 118 अधिकारी मिले।

**चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वॉयर पर हुई पासिंग आउट परेड**

पासिंग आउट परेड भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वॉयर पर हुई। सुबह 6 बजकर 47 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार असीम हिम्मत और हौसले के साथ कदम बढ़ाते हुए परेड के लिए पहुंचे। कैडेट ने शानदार मार्चपास्ट से दर्शक दीर्घा में बैठे हर शख्स को मंत्रमुग्ध कर दिया। निरीक्षण अधिकारी ने इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट को सम्मानित किया।

**आसमान से हेलीकॉप्टरों के जरिये पुष्प वर्षा हुई**

युवा सैन्य अधिकारी जब अंतिम पग भर रहे थे तो आसमान से हेलीकॉप्टरों के जरिये उन पर पुष्प वर्षा हो रही थी। पास आउट बैच में शामिल देश-विदेश के 394 कैडेट परेड के बाद पीपिंग व ओथ सेरेमनी का हिस्सा बने, फिर अकादमी के निजाम पवेलियन में कसम परेड के बाद पहला कदम पार कर सैन्य अधिकारी बन गए। इनमें 355 युवा अधिकारी भारतीय थलसेना को मिले।

**तकनीकी प्रगति के दौर में बदला लड़ाई का परिदृश्य**

नव सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार ने कहा कि प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, साइबर, सूचना क्षेत्र और पारंपरिक उपकरणों की क्षमता में प्रगति से युद्ध का परिदृश्य निरंतर बदल रहा है। यह अधिक जटिल, संघर्षपूर्ण और घातक है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। यह कहावत भी याद रखें कि मशीन के पीछे का व्यक्ति ही सबसे अधिक मायने रखता है। शारीरिक फिटनेस, मानसिक चपलता, तार्किक सोच, तकनीकी कौशल और खुद को परिस्थिति के अनुसार ढालने की क्षमता ही आपकी सफलता तय करेगी। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में देश के लिए महत्वपूर्ण और गर्व का अवसर है कि 355 कैडेट अधिकारी के रूप में हमारी गौरवशाली सेना का हिस्सा बन रहे हैं। मैं सेना की तरफ से उनका स्वागत करता हूं। मित्र देशों के 39 कैडेट को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया।

# सीएम राहत कोष से मरीजों को मिल रहा जीवनदान

## चुनाव की सरगर्मी और व्यस्तता के बीच मरीजों की सेवा में जुटे रहे मंत्री नन्दी, मंत्री नन्दी की पहल पर मई महीने में गम्भीर रोगों से ग्रसित 39 लोगों को ईलाज के लिए उपलब्ध कराई 86.60 लाख की धनराशि, प्रति मरीज एक लाख से साढ़े तीन लाख रूपए तक दिलाई गई आर्थिक मदद, मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मई महीने में भीषण गर्मी, तेज धूप और लू के थपेड़ों के साथ ही लोकसभा चुनाव के कारण व्यस्तता एवं सियासी गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता गम्भीर रूप से बीमार लोगों की मदद करने में पीछे नहीं हटे। मंत्री नंदी की पहल पर प्रत्येक महीने की तरह मई महीने में भी गम्भीर बीमारियों के शिकार प्रयागराज व अन्य क्षेत्रों के 39 मरीजों को ईलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद दिलवाए गए। मई महीने में 39 पीड़ितों यानी गम्भीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को ईलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत



कोष से एक करोड़ 86 लाख 60 हजार 300 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। जिसकी मदद से कई लोगों को जीवनदान मिला। लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को भाजपा शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन द्वारा चुनाव प्रचार के साथ ही व्यापारियों एवं वैश्य समाज के लोगों को एकजुट करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। 16 अप्रैल से लेकर 31 मई तक मंत्री नन्दी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगातार भ्रमण एवं जनसम्पर्क करने के साथ ही व्यापारी सम्मेलन किया। जिसमें मंत्री नन्दी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। भीषण गर्मी के बीच संगठन को सर्वोपरि मानने वाले मंत्री नन्दी ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में अपने प्रभारी क्लस्टर के साथ ही विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में प्रवास किया। लेकिन इस बीच उनके कैम्प कार्यालय से गम्भीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को ईलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया को पूरा कराने का कार्य जारी रहा। चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच मंत्री नन्दी अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले गम्भीर बीमारियों के शिकार लोगों की सेवा करना नहीं भूले। मुख्यमंत्री राहत कोष से लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनका ईलाज कराया। मंत्री नन्दी के पहल पर प्रत्येक महीने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्र व जनपदों के गम्भीर रूप से बीमार दो से तीन दर्जन लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी बेहतर से बेहतर ईलाज करा सकें और अपना जीवन बचा सकें। मंत्री नन्दी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का सुख दुख हमारा सुख दुख है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और हर मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहते हैं। असाध्य एवं गम्भीर रोगों से ग्रसित व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईलाज कराने के लिए भटकना न पड़े, परेशान न होना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी खजाना खोल रखा है। मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त धनराशि गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पीड़ितों तक सहायता उपलब्ध कराने में तनिक भी देरी नहीं की जा रही है। मई महीने में गम्भीर बीमारियों से पीड़ित 39 मरीजों को ईलाज के लिए 86 लाख 60 हजार 300 रूपए की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई। जिससे बेहतर ईलाज होने पर कई लोगों की जान बचाई जा सकी। जिन लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई, उनमें अल्लापुर,राजापुर, नैनी, सदियापुर, मुट्ठीगंज, कीडगंज, करामत की चौकी,खुल्दाबाद, पानदरीबा, बोगमासराय,बौरहना, बलुआघाट,मेजाखास, ऊंचामण्डी, धूमनगंज, करैली, गऊघाट,महेवा, बहादुरगंज, सलोरी, करैलाबाग के साथ ही सीतापुर, लखनऊ के लोग शामिल हैं।

# नवनिर्वाचित सांसद उज्वल रमण सिंह बाबा अलखराम जी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह ने शनिवार के दिन अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम मुंबई के पीठाधीश्वर एवं अध्यक्ष परमपूज्य अवधूत संत बाबा अलखराम जी से शिष्टाचार भेंट कर माला पहनाकर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किए। बताया जाता है कि उज्जवल रमण सिंह चुनाव के ठीक एक दिन पहले अवधूत संत बाबा अलखराम पीठाधीश्वर जी का दर्शन कर विजय श्री का आशीर्वाद लिया था। और विजय मिलने के बाद भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चिड़ियों के लिए पानी का पात्र घर घर वितरित किया गया




**प्रयागराज।** जनहित कारिणी समिति के द्वारा चिड़ियों एवं पंछियों के पानी के लिए पात्र मुट्ठीगंज क्षेत्र में वितरित किए इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन ने कार्यकताओं के साथ घर-घर जाकर लोगों को पंछियों एवं चिड़ियों को पानी का पात्र वितरित करते हुए आग्रह किया कि गर्मी को देखते हुए चिड़ियों को पानी देने के लिए अपने अपने घरों पर मिट्टी का पात्र अपने-अपने छतों पर रखें कार्यक्रम के संयोजक जिला अध्यक्ष अभिलाष केसरवानी नगर अध्यक्ष सोनू केसरवानी रहे। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार गौतम प्रदेश महामंत्री नरेंद्र पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात कुमार तीरथ सिंह विनय कुमार निषाद बच्चा चौरसिया अर्चना केसरवानी अजय अग्रहरि, मुकेश जोशी, कमलेश कुमार, राजेश शर्मा, पद्माकर श्रीवास्तव, नीरज केसरवानी किशन चंद्र जायसवाल आदि कार्यकर्ता के उपस्थित रहे।

# सड़क का मिट गया नामोनिशान, तीस साल के बाद भी नही हुई रिपेयरिंग,पैदल चलना हुआ मुस्किल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** क्षेत्र के कचरा से मानपुर बगीचा की एक किलोमीटर की एक सड़क तीस वर्ष पहले आर एस विभाग के आधीन बनाई गई थी।जो कचरा प्राइमरी स्कूल से शोभन सरकार के भट्ठा से होते हुए दानव बाबा के स्थान पर एक किलोमीटर की सड़क समाप्त हो जाती है।इस सड़क से कचरा गांव के किसानों को अपनी खेती के कार्य मे सुलभ थी खाद ट्रैक्टर ट्राली से फसल रात दिन फसल रखवाली के लिए आने जाने के लिए बहुत ही सुविधा पूर्ण सड़क थी।बनते ही गांव के लोगो में खुब खुशी छाई।कुछ दिन बाद सारी खुशी सिमट कर रह गई।बनते ही कुछ साल बाद सड़क टूट गई जिससे लोगो मे मायूसी छा गई।आज की स्थिति इस सड़क की बहुत ही दयनीय है, इस पर पैदल चलना बहुत मुश्किल है बड़ी बड़ी गिट्टी जगह जगह उखड़ कर बिखर गई जिस पर वाहन तो दूर पैदल चलना



मुश्किल हो रखा है। क्षेत्र को हमेशा छला गया जब इस सड़क की रिपेरिंग ही नही है तो क्यो इस विभाग से सड़क बनाई गई।मतलब साफ है कि कुछ दिन आप खुश रहे उसके बाद जीवन भर सड़क के नाम का रोना रोते रहे।

# प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का कृतज्ञता सहित आभार : ललितेश पति त्रिपाठी

**प्रतापपुर।** भदोही लोकसभा चुनाव क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रहे ललितेश पति त्रिपाठी ने मतगणना के पश्चात प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के झारी, जंघई, सोरों, वारी, सरायममरेज, उग्रसेनपुर, प्रतापपुर, फतूहां, पुरुषोत्तमपुर, बलीपुर में अपने कार्यकताओं, पदाधिकारियों से मिलकर चुनाव में सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ललितेश पति त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव में हार जीत मिलती रहती है परंतु हार मिलने पर भी अपने क्षेत्र एवं मतदाताओं को भूलना नहीं चाहिए हर सुख-दुख में मैं अपने गठबंधन में शामिल पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के लिए समर्पित रहूंगा।आप लोगों ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से हमको भारी मतदान करके हमारा सिर गौरवान्वित किया है मैं आप लोगों के लिए तन, मन, धन से सदैव खड़ा मिलूंगा। भविष्य में मेरे लायक जो भी कार्य आप लोग समझें निसंकोच बताएं मैं हर संभव प्रयास करूंगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉ साधु चरण तिवारी, सपा विधानसभा अध्यक्ष प्रतापपुर श्याम सूरत सरोज, शिवराम दुबे, रमेश पांडेय, अनंतराम पांडेय, राजदेव यादव, त्रंबनाथ त्रिपाठी, संतोष दुबे, शशांक यादव,



लालबहादुर भारतीय, प्रदीप मिश्रा, आदित्य पांडेय, उदयराज पांडेय, शिवराम सोनी, रामप्रकाश भारतीय, मुन्ना मिश्रा, विनय भारतीया, अरुण यादव, बबलू बजती, राकेश यादव, गरुण पांडेय, छोटे लाल मिश्रा, विजय कुमार मिश्रा, जयकुमार यादव मुन्ना प्रधान, उमेश यादव बीडीसी, शिव बालक सरोज, रायचंद सरोज, दया शंकर सरोज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राज बहादुर यादव, कमर आलम, इरशाद चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोहम्मद आरिफ, दिलीप कुशवाहा, प्रधान रामचन्द्र मौर्य, घनश्याम यादव, मिथिलेश यादव, विमल यादव, लालजी यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# इको इंडिया आर्गनाइजेशन ने चलाया पर्यावरण की पाठशाला अभियान

## पर्यावरण संरक्षण जल जमीन जानवर के बारे में किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2024 को इको इंडिया आगेर्नाइजेशन द्वारा आयोजित पर्यावरण की पाठशाला अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जल, जमीन, जानवर के बारे जागरूक किया गया! श्रीं बेला सिंह महाविद्यालय नैनी मे संस्था द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान पृथ्वी कवच के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इको इंडिया आगेर्नाइजेशन ने पर्यावरण संरक्षण एवम पुनर्स्थापना हेतु वृक्षों की भूमिका एवम महत्तपूर्णता के विषय में जागरूक किया साथ ही अपनी पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त







की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर इको इंडिया संस्था के अध्यक्ष डॉ संदीप सेठ''सिद्धार्थ' ,श्रीं यम.पी.सिंह (मैनेजर बेला सिंह),अखिलेश कुशवाहा, अभिषेक सिंह, सुजल कृष्ण उपस्थित रहे।

# किसानों का जत्था चिंतन शिविर के लिए हरिद्वार रवाना



**सहसों।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की किसानों का एक जत्था हरिद्वार में होने वाले 9, 10 तथा 11 जून को होने वाले चिंतन शिविर व राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में रवाना हुआ। इस अवसर पर मंडल महासचिव जगदीश नारायण तिवारी ने बताया कि हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रयागराज मंडल से भारी संख्या में किसान प्रयागराज में एकत्रित होकर हरिद्वार के लिए रवाना होंगे जहां पर विभिन्न मुद्दों पर चिंतन किया जाएगा।



# क्षतिग्रस्त सड़कों पर राहगीर हो रहे चोटिल

**प्रयागराज, कौंधियारा।** क्षेत्र में सड़कों की हालत बेहाल हो गई है कौंधियारा से करछना मार्ग पर चलने वाले राहगीर भी आए दिन चोटिल होते रहते है! ग्रामीण क्षेत्रों का ज्यादातर सड़कों के हालात बेहाल मिलेंगें कौंधियारा, सेहरा, गौरा, अकोड़ा, सहलोलवा से होते हुए जाने वाली कौंधियारा से करछना मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है इस सड़क पर आने जाने वाले राहगीर काफी परेशान होते रहते है! ये गड्ढा युक्त सड़क लोगों को आने जाने में काफी नुकसान दे रहा है! सड़कों पर हुए गड्ढों के कारण हादसे का खतरा बना रहता है और लोगों का आवागमन प्रभावित होता रहता है! बता दें! कौंधियारा से साधूकुटी बाजार तक 16 किलोमीटर की सड़क पर लोग हजारों की संख्या में सुबह से शाम तक आवागमन करते है साथ ही इसी रास्ते से सांसद व विधायक भी गुजरते है लेकिन क्षतिग्रत सड़क की हालत किसी भी विभाग को नहीं दिखता है विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक जिले के आला अधिकारी भी रास्ता बदल बदल कर कौंधियारा थाना व ब्लाक में आते है जिसका पुष्टि युनाइटेड भारत नहीं करता है ग्रामीणों ने बताया कि राहगीरों के वाहन भी आएदिन क्षतिग्रस्त हो जाते है जिससे राहगीर मायूस होकर अपने गंतव्य को वापस चले जाते हैं।

# मांडा क्षेत्र में उज्जवल की जीत का जश्न, बांटी मिठाइयां

अखंड भारत संदेश।

**मांडा।** यमुनापार अंतर्गत मांडा क्षेत्र में जगह- जगह इलाहाबाद संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को सांसद निर्वाचित होने को लेकर जीत का जश्न मनाया और मिठाइयां बांटी गई। वहीं सपाईयों के साथ शुभ चिंतकों ने सांसद को बधाई दी। इसी क्रम में सपा नेता रणजीत सोनकर व अनिल यादव उर्फ बबलू ग्राम प्रधान निवासी पनासा व मांडा के चिलबिला निवासी सपा नेता जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव ने इलाहाबाद के नवनिर्वाचित इण्डिया गठबंधन कांग्रेस के सांसद उज्जवल रमण सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संगम नगरीय के नवनियुक्त सासंद मा. उज्जवल रमण सिंह द्वारा विकास की नई दिशा के साथ बदलने का कार्य किया जाएगा। समूचे क्षेत्र में चहुमुखी विकास होगा। नवनियुक्त सांसद के पिता व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मा. कुंवर रेवती रमण सिंह ने अपने कार्यकाल साथ सत्ता से बाहर होने के बावजूद भी क्षेत्र का विकास किया है। शनिवार को मांडा क्षेत्र में जगह- जगह मिठाइयां बांटी गई। इस मौके पर सपा नेता संजय यादव, पवन मिश्र, विकास मौर्य, साहब लाल, आशीष यादव, अनुज बोस, शिव कुमार, सलामत अली, अनिल पांडेय,विष्णु कांत, हाटा प्रधान विजय बहादुर पटेल, कन्हैया लाल सोनकर, भारत लाल, हजारी लाल, साजन, कमलेश, शैलेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, सुशील कुमार आदि तमाम सपाई उपस्थित रहे।

# मऊआइमा में भीषण गर्मी से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के गाज़ियाबाद रोड पर जहां हर समय भीड रहा करती थी। और लोग दूर दराज से इलेक्ट्रॉनिक सामानों और प्लाई हार्डवेयर आदि की खरीदारी करने आते थे। शनिवार को दोपहर में उक्त मार्केट में भीषण गर्मी के कारण सन्नाटा पसरा रहा।बताते हैं कि गर्मी के कारण होने वाली बीमारियों से लोग इतने खौफजदा हैं कि वह दोपहर में बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। बताया गया है कि इस समय भीषण गर्मी से हर घरों में कोई न कोई बीमारी से ग्रस्त हैं। लगातार भीषण गर्मी पडने से लोग आजिज आ चुके हैं। फिलहाल लोग गर्मी से बचाव कर रहे हैं।

# रोडवेज शुरू कर रहा है कैंप भर्ती




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रोडवेज कैंप भर्ती शुरू कर रहा है। एक ही दिन में कैंप के अंदर आवेदन, ड्राइविंग टेस्ट आदि की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डिपो की कमेटी कैंप में शैक्षिक अभिलेखों का परीक्षण व टेस्ट के बाद चयनित की नियुक्ति की संस्तुति कर देगी। अभ्यर्थी चरित्र सत्यापन के बाद एक सप्ताह में नियुक्ति भी मिल जाएगी।प्रयागराज परिक्षेत्र में कुल 98 पदों पर ड्राइवरों की नियुक्ति होगी। बाद में इनकी संख्या और बढ़ाई भी जा सकती है। कैंप में महिला व पुरुष दोनों अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। यह भर्ती संविदा के तहत होगी और परिवहन निगम सीधे उन्हें नियुक्त करेगा। चयनित ड्राइवरों को प्रयागराज, मंझनपुर, प्रतापगढ़, लालगंज, मीरजापुर व बादशाहपुर डिपो में तैनाती दी जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि चयनित ड्राइवर को प्रति किमी 1.89 रुपये की दर से भुगतान होगा। फंड, रात्रि भत्ता, दुर्घटना बीमा की सुविधा रहेगी। 22 दिन की ड्यूटी व पांच हजार किमी पूर्ण करने पर तीन हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। उत्कृष्ट चालकों को प्रतिमाह 19593 रुपये व उत्तम चालक को 16593 तक का पारिश्रमिक का भुगतान इसमें शामिल है। चालक व उसके परिवार को फ्री यात्रा पास भी प्रदान किया जाएगा।



# पाइप टूटने से चौरा माता मंदिर जंघई के सामने बह रहा दूषित पानी

**जंघई।** चौरा माता मंदिर जंघई के समीप जल निगम की पाइप टूटने के कारण जल निगम का पानी एवं नाली का पानी इकट्ठा होकर चौरा माता मंदिर के सामने नाली के उपर से गली में दूषित गंदा पानी बह रहा है जिसके कारण आवागमन बाधित हो गया है।जल निगम की टूटी पाइप की मरम्मत हेतु बाजार के निवासियों ने कई बार जल निगम के कर्मचारियों को बताया लेकिन मरम्मत नहीं हुई जिसके कारण शनिवार को जल निगम का पानी और नाली का पानी इकट्ठा होकर सड़कों पर बह रहा है बाजार में आने जाने वाले लोगों एवं निवासियों को तथा चौरा माता मंदिर पर पूजन-अर्चन करने वाले भक्तों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जंघई बाजार के निवासियों ने जल निगम विभाग से अविलंब टूटी पाइप लाइन की मरम्मत की मांग किया है ताकि बाजार के निवासियों को इस गंदगी से निजात मिल सके।

# थानाध्यक्ष समेत दो सिपाहियों पर गंभीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज, मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के गंगानगर के सराय ममरेज थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह पर गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। थाने के दो अन्य सिपाहियों पर भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दलित सिपाही विनय कुमार की तहरीर पर एससी- एसटी विशेष न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिससे थाने में हड़कंप मचा हुआ है। जानें पूरा मामला पीड़ित विनय कुमार निवासी सिंधौरा थाना सराय ममरेज का स्थाई निवासी है। वर्तमान समय में चन्दौली जिले में पुलिस विभाग हेड मुंशी के पद पर कार्यरत है। बताया गया कि 3 अप्रैल 2024 को समय लगभग 12:30 बजे वह अपनी बाइक सर्विस कराने रस्ती पुर चौराहे पर गया था कि पीड़ित के परिवार की लालती देवी व मालती देवी तथा उनका लड़का रंजीत कुमार उसके पास आये और बोले कि भैया पुलिस चौकी जंघई से दो सिपाही घर पर आये हैं जो गाली दे रहे हैं, और कह रहे कि बीस हजार लेकर रस्तीपुर चौराहे पर आओ नही तो पूरे घर वालों को जेल में डाल दिया जायेगा। उनकी बात सुनकर पीड़ित पुलिस वालों के पास पहुंचा और अपना परिचय देते हुए कहा भाई क्या बात है। आप लोगों को यहा क्यों बुलाए हो। इतना सुनते ही पुलिस वाले आग बबूला हो गये तथा पीड़ित को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये बोले कि तुम जज या डीएम नहीं हो जो तुम फैसला करोगे। आरोप है कि इसी बीच पुलिस वालों ने बेवजह उसको गाली देने लगे तथा जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि भाग जा नहीं तो तुम्हारी खैर नहीं है और उसे मारने पीटने लगे तथा बगल में रखा स्टूल से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह लहुलूहान हो गया तथा पुलिस द्वारा उसको दुकान 'के अन्दर घसीट कर ले गए तथा प्राण घातक हमला कर दिये तथा शटर गिराकर मारने लगे तथा उसको जमीन पर पटक कर उसका गला तब तक दबाये रखे। आरोप है कि पीड़ित बेहोश हो गया होश आने पर वह किसी तरह शटर उठा कर बाहर आया, लोग डर वश उसको बचाने का साहस नही कर पाए। दोनों सिपाही समीर सिंह तथा मनोज कुमार यादव दोनों पुलिस चौकी जंघई पर तैनात हैं। तथा उनका आतंक पूरे क्षेत्र में व्याप्त है। कोई भी व्यक्ति इन से अपनी शिकायत नहीं करते है घटना कि लिखित सूचना थानाध्यक्ष सरायं ममरेज को दिया था लेकिन उन्होंने मुल्जिमान से सिर्फ सुलह करवाने का दबाव बनाना शुरू किया कि कहीं किसी विभाग में शिकायत नहीं करना । यही तुम्हारे लिए अच्छा होगा । जब वह अपनी रिपोर्ट लिखाने पर दबाव बनाया तो दरोगा नाराज हो गया और जातिसूचक गाली देते हुए कहा कि भाग जाओ। नहीं तो सिपाही लोग तुम्हारा सर फोड़े हैं मैं तुमको गोली मार दूंगा। पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित ने थानाध्यक्ष सरायं ममरेज द्वारा अपने कार्यों की उपेक्षा करने तथा जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके गाली देना तथा गोली मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष सराय ममरेज योगेश प्रताप सिंह सहित सिपाही मनोज कुमार एवं समीर सिंह पर एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 12 थाना प्रभारी, 60 दरोगा, 100 सिपहियों को इधर से उधर करने की तैयारी

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट में थाना प्रभारियों, दरोगाओं और सिपाहियों को बड़े पैमाने पर फेरबदल की तैयारी कर ली है। आचार संहिता की वजह से काफी दिनों तक मामला लटका रहा। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर डीसीपी और एसीपी ने रिपोर्ट तैयार कर ली है।इसी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की तैयारी है। एक तरह से सूची तैयार हो गई है। जल्द ही कई अहम थानों के प्रभारी को लाइन हाजिर कर लिया जाएगा या थानों से हटा दिए जाएंगे। कई नए इंस्पेक्टर को चार्ज दिया जाएगा। शहर के सिपाहियों को गांव और देहात के थानों में तैनात सिपाहियों को शहर में लाने की तैयारी है। सिपाहियों को इधर से उधर किए जाने का आंकड़ा 100 से ऊपर है। वहीं 12 के करीब थाना प्रभारी बदले जाएंगे। चौकी प्रभारियों की संख्या 60 के करीब है जिन्हें बदला जाएग। थानों में तैनात दरोगा भी कार्रवाई की जद में हैं। इसके अलावा कई एसीपी के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव होगा।

## महंत नरेंद्र गिरि की प्रतिमा का अनावरण जुलाई में



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महंत नरेंद्र गिरि की प्रतिमा का अनावरण जुलाई में होगा। मठ बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत बलबीर गिरि ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष की प्रतिमा के अनावरण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आने का न्योता दिया। महंत बलबीर गिरि ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर अनावरण समारोह में आने का निमंत्रण सौंपा। महंत बलबीर गिरि ने समारोह में मठ बाघंबरी गद्दी की ओर से नवनिर्मित गोशाला का उद्घाटन करने के लिए भी आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान महंत ने मुख्यमंत्री को प्रयागराज में महाकुम्भ के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने महाआयोजन के लिए मठ में किए जा रहे। गोशाला निर्माण और विकास कार्यों के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

# 36 सेंटरों पर आज होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

### 16,300 परीक्षार्थी होंगे शामिल, रज्जू भय्या विश्वविद्यालय बना नोडल केंद्र

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आज बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए प्रयागराज में 36 सेंटर बनाए गए हैं। इस बार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की ओर से उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। प्रयागराज और प्रतापगढ़ जनपद में होने वाली इस परीक्षा के लिए प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय को नोडल सेंटर बनाया गया है। यहीं से परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग की जाएगी। यहां पर राजकीय इंटर और एडेड तथा राजकीय डिग्री कॉलेज तथा एडेड महाविद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। यहां पर कुल 16300 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसी तरह प्रतापगढ़ के सात केंद्रों पर परीक्षा होगी जिसमें 3500 परीक्षार्थी शामिल होंगे।हर केंद्र पर तैनतात रहेंगे 2-2 आब्जर्वर प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी प्रोफेसर विवेक कुमार सिंह ने बताया कि दोनों जनपदों में कुल 43 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 2-2 आब्जर्वर तैनात रहेंगे। इसी तरह हर केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। स्थानीय प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

## घुमंतू लोगों पर रखे नजर समय-समय पर करें जांच

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त ने शनिवार को पुलिस लाइन स्थित त्रिवेणी सभागार में अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त एवं सभी सहायक पुलिस आयुक्त के साथ बैठक की। बैठक में निर्देशित किया कि महिला से जुड़े अपराध के मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। सभी सहायक पुलिस आयुक्त अपने सर्किल में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करें। बिना अगला विवेचना लंबित न रहे। पूर्व में घटित गंभीर अपराधों की विवेचना को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। नियमित सघन गश्त और पेट्रोलिंग जरूर की जाए। जिन क्षेत्रों में घुमंतू लोग रहते हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखें। साथ ही उनका समय-समय पर सत्यापन करें। संदिग्ध व्यक्तियों पर ध्यान रखा जाए। सुगम एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई अमल में लाई जाए। ताकि जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए।



## प्रयागराज में आसमान से बरस रही आग एक बार फिर पारा चढ़ा 45 के पार

**प्रयागराज।** जिले में मौसम बेचैनी पैदा करता रहा। ऊपर से बिजली की आवाजाही ने घरों में लोगों को खूब परेशान किया। टीन शेड के नीचे वाली दुकानें तपती रहीं बाजारों में दोपहर तक सन्नाटा रहा। लोग चेहरे और सिर पर गमछा लपेट कर राहत पाते नजर आए। बाइक स्कूटी आदि पर लोग बच्चों के साथ आते जाते रहे तो उनमें भी धूप से बचने की कोशिशें रहीं लू के थपेड़ों से अभी निजात नहीं मिलने वाली। 11 जून तक गर्म हवा परेशान करती रहेगी। जबकि तापमान जून मध्य तक 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों का फिलहाल यही अनुमान है। शुक्रवार को जिस तरह से मौसम में गरमाहट बनी रही उससे कामकाज पर निकले लोगों के तन झुलसते रहेसुबह नौ से दोपहर बाद चार बजे तक गर्मी और कड़ी धूप हर किसी के लिए मुसीबत बनी रही। अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक व न्यूनतम 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

# ईद उल फित्र की तरहां इस बार ईद उज जुहा भी दो दिन

अखंड भारत संदेश

**शिया समुदाय तथा सुन्नत जमात का एक फिरका 17 जून को तो सुन्नत जमात का एक फिरका 18 जून को मनाएगा ईद उज जुहा**

**प्रयागराज।** ईद उज जुहा यानि इस्लामिक माह जिलहिज्जा के चांद को लेकर इस बार भी विरोधाभास के कारण 17 जून व 18 जून दो दिन ईद ए कुरबां का पर्व मनाया जाएगा। शुक्रवार 29 जीकाद को शिया मरकजी चांद कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने चांद की तसदीक कर दी तो वहीं प्रयागराज की मरकजी चांद मजलिस रुयते हेलाल जामा मस्जिद हजरत मौलाना शाह वसी उल्ला के सेक्रेटरी अहमद मकीन मजाहरी ने भी शुक्रवार को चांद देखे जाने और 17जून को ईद उज जुहा मनाए जाने का ऐलान किया।वहीं सुन्नत जमात के बड़े तबके की ओर से शुक्रवार को चांद के दीदार न होने की बात कही गई।शनिवार को चांद की तसदीक हुई तो रवीवार को जिलहिज्जा की पहली के ऐतेबार से 18 जून को सुन्नत जमात का बड़ा तबका ईद उज जुहा मनाएगा। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक इस बार ईद उल फित्र की तरहां ईद उज जुहा भी दो दिन 17 व 18 जून को मनाया जाएगा। ईदगाह ,जामा मस्जिद सहित सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में तय समय पर ईद उज जुहा की विशेष नमाज अदा कि जाएगी वहीं हर साहिबे हैसियत लोगों द्वारा कुरबानी के फराज भी अन्जाम दिए जाएंगे।

उम्मुल बनींन सोसायटी ,हसनी हुसैनी फाउंडेशन ,शिया सुन्नी इत्तेहाद कमेटी तथा मोहर्रम कमेटी व शहर भर की सभी मातमी अन्जुमनों की ओर से लोगों से यह अपील की है कि कुरबानी के जानवर की न तो नूमाईश करें और न ही दिखावे के लिए सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करें।हसनी हुसैनी फाउंडेशन के अध्यक्ष वजीर खान ने कहा दिखावा अल्लाह को हरगिज पसन्द नहीं लेहाज शो बाजी से दूर रहें। उम्मुल बनींन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने कहा खुले स्थान पर कुरबानी न करें और न ही जानवरों के अवशेष को सड़कों व गलियों में फेंके। ज़िबहा जानवर के अवशेष को गड्ढे में दफ्न करना सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है ताकि कुरबानी के जानवर पर पढ़ी जाने वाली कुरआन की आयतों की बेहुरमती भी न हो और अवशेष से आस पास दुर्गन्ध भी न फैलने पाए। शिया सुन्नी इत्तेहाद कमेटी के अध्यक्ष किताब अली एडवोकेट सचिव काशान सिद्दीकी एडवोकेट ,पार्षद अब्दुल समद ,पार्षद रमीज अहसन ,पार्षद फसाहत हुसैन , पूर्व पार्षद अनीस अहमद आदि ने भी लोगों से अपील करते हुए ईद उज जुहा के पर्व पर आपसी समझ-बूझ का परिचय देते हुए शासन प्रशासन को पूरा सहयोग देने और नगर निगम से मस्जिदों व नमाज अदा की जाने वाले स्थानों पर समुचित सफाई व्यवस्था व चूना छिड़काव तथा जल संस्थान से चौबिस घंटे पानी की आपूर्ति व बिजली विभाग से ईद उज जुहा के दिन शहर को बिजली कटौती मुक्त रखने की मांग की।

# माफिया अशरफ के साले सद्दाम और जैद अब हिस्ट्रीशीटर हैं

### पूरामुफ्ती पुलिस की कार्रवाई, नियमित रूप से की जायेगी निगरानी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माफिया गिरोह के खिलाफ शिकंजा कसने के क्रम में कमिश्नरेट पुलिस ने चुनाव बाद फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के तहत माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम व जैद की हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की गई है। अब दोनों की एक-एक गतिविधियों की सतत निगरानी की जाएगीजैद अशरफ की पत्नी जैनब का सबसे बड़ा भाई है, जबकि सद्दाम तीसरे नंबर का भाई है। दोनों का ही आपराधिक इतिहास है। सद्दाम बंदायू जेल में निरुद्ध है जबकि जैद अभी फरार है। दोनों पर आखिरी मुकदमा हाल में ही शाहगंज थाने में लिखा गया जिसमें रंगदारी मांगने व आपराधिक षडयंत्र के आरोप हैं। सद्दाम पर कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से छह मुकदमे प्रयागराज और तीन मुकदमे बरेली में दर्ज हैं। इनमें बरेली में दर्ज गैंगस्टर का भी मुकदमा शामिल है। इसके अलावा जैद पर कुल छह मुकदमे दर्ज हैं। जैद पर पहला मुकदमा 2009 में दर्ज हुआ था। जैद इतिहास का प्रवक्ता है और शेरवानी इंटर कॉलेज सल्लाहपुर में बतौर पर प्रवक्ता तैनात है। फिलहाल वह निलंबित चल रहा है। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि दोनों की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता को देखते हुए उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की गई है। अब नियमित तौर पर उनकी गतिविधियों की निगरानी पुलिस की ओर से की जाएगी।

बी श्रेणी की हिस्ट्रीशीट, ताउम्र निगरानी

जैद व सद्दाम दोनों को बी श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर बनाया गया है। इसका मतलब यह है कि उनकी ताउम्र निगरानी होती रहेगी। दरअसल पुलिस दो श्रेणी ह्यएह्न और ह्यबीह्न में अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलती है। ए श्रेणी के हिस्ट्रीशीटर वह होते हैं जिनकी निगरानी, अगर वह कई सालों तक अपराधिक घटनाएं नहीं करते हैं तो, बंद की जा सकती है। जबकि ह्यबीह्न श्रेणी के हिस्ट्रीशीटर की निगरानी कभी बंद नहीं की जाती। उसकी ताउम्र निगरानी की जाती है। सद्दाम का हिस्ट्रीशीट नंबर 34बी और जैद का हिस्ट्रीशीटर नंबर 35बी है। बता दें कि दो महीने पहले ही अतीक के दोनों बेटों उमर व अली की भी हिस्ट्रीशीट खोली गई थी और उन्हें भी ह्यबीह्न श्रेणी का ही हिस्ट्रीशीटर बनाया गया था।

## निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बदली गई नई केबल समस्या से मिली निजात

**सहसों।** उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके इसके लिए विद्युत उपकेंद्र थानापुर से संबद्ध रामनाथ पट्टी गांव में पिछले दस वर्षों से एरियल बंच कंडक्टर (एबीसी) केबल जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता परेशान थे। जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने कई बार विभागीय अधिकारियों सहित अवर अभियन्ता विजय कुमार सरोज से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अवर अभियंता ने भीषण गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए एक किलोमीटर तक एबीसी केवल बदलवाने का कार्य किया। जिससे लो वोल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात मिल गई। इसके पूर्व 25 केवीए के ट्रांसफार्मर होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर जल जाता रहा। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए उन्होंने प्रयास कर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर भी लगवा दिया। जिसके चलते अब लो वोल्टेज, विद्युत आपूर्ति खराबी आदि समस्याओं से उपभोक्ताओं को निजात मिल गई है।

# एनसीआर की 86 स्पेशल ट्रेन फिर बनी पैसेंजर अब कम किराये में यात्री करेंगे यात्रा

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे की 86 स्पेशल ट्रेन फिर पैसेंजर के रूप में चलेंगी। इनका किराया भी पूर्व की भांति होगा। यानी इनमें अब बढ़ा हुआ किराया नहीं लगा। इनका किराया स्पेशल टैग हटने के साथ ही न्यूनतम हो जाएगा।इन्हें कोरोना काल में स्पेशल ट्रेन का तमगा दे दिया गया था। इन ट्रेनों के नंबर के आगे जीरो जोड़ दिया गया था। जिससे यह ट्रेनें पैसेंजर की जगह स्पेशल के रूप में चल रही थी और इनका न्यनूतम किराया भी 10 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया था।रेलवे ने इनका किराया तो फरवरी माह में ही घटा दिया था लेकिन अब गाड़ी के आगे से लगा जीरो नंबर हटाया जा रहा है। यानी उन्हें स्पेशल ट्रेन की श्रेणी से हटाकर पूर्व की स्थिति ( पैसेंजर ट्रेन) में लाया जा रहा है। एक जुलाई से लागू हो रही रेलवे की नई समय सारिणी में यह बदलाव देखने को मिलेगा। इसमें प्रयागराज संगम-कानपुर अनवरगंज स्पेशल समेत 86 ट्रेनों की सूची उत्तर मध्य रेलवे ने जारी कर दी हैउत्तर मध्य रेलवे की जनसंपर्क अधिकारी रागिनी सिंह ने कहा कि एनसीआर जोन में चल रही 86 ट्रेनों के नंबर के आगे से जीरो हटाया जा रहा है। एक जुलाई से यह सभी ट्रेनें नए नंबर से संचालित होंगी।

**इन प्रमुख ट्रेनों के आगे से हटाया गया जीरो**

मौजूदा नंबर - नया नंबर - कहां से कहां तक
04101 -54101 - प्रयागराज संगम- कानपुर अनवरगंज
04102 -54102- कानपुर अनवरगंज- प्रयागराज संगम
01823 - 51813 - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी- लखनऊ
01824 - 51814 - लखनऊ- वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी

## न्यूज झरोखा

### छिवकी मे स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया



**नैनी।** नैनी छिवकी मे यूनाइटिड मेडिसिटी हास्पिटल ने रेलवे कर्मचारियों के लिए स्वस्थ शिविर का आयोजन किया।जिसमे मुख्य नियंत्रक एस एस द्विवेदी प्रयागराज छिवकी द्वारा किया गया। स्वस्थ शरीर का संचालन अवधेश त्रिपाठी की देखरेख में रेलवे के 205 कर्मचारियों का प्रशिक्षण यूनाइटेड मेडिसिटी के मेडिकल टीम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर में अनिल कुमार त्रिपाठी धर्मेश कुमार वर्मा, अभिषेक पांडे अन्य रहे।

### पत्रकार विकास परिषद के पुर्वांचल अध्यक्ष बने अंकित मिश्रा



नैनी। नैनी स्थित पत्रकार विकास परिषद के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र के द्वारा पत्रकार विकास परिषद पूर्वांचल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मिजार्पुर के अंकित मिश्रा को सराहनीय कार्य को लेकर प्रदेश कार्यालय में प्रशस्ति पत्र डायरी कलेंडर बैच देकर सम्मानित किया गया। वही पूर्वांचल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अंकित मिश्रा ने राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरीके से पत्रकार विकास परिषद द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ संघर्ष करते हुए पत्रकार विकास परिषद भारत परिवार को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का काम करूंगा।

# शिकायत के आधार पर कालोनी में ही स्थित नर्सिंग होम का किया गया निरीक्षण

**नैनी।** नैनी शनिवार को अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित टीम अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (पंजीकरण) के नेतृत्व में एङ्कडीङ्कएङ्क कालोनी, नैनी का भ्रमण किया। ए०डी०ए० कालोनी, नैनी से प्राप्त शिकायत के आधार पर कालोनी में ही स्थित पार्वती नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि श्रीमती अंजनी पुष्पाकर तथा श्री रामजी एडमिट थे किन्तु कोई चिकित्सक मौजूद नहीं थे। नर्सिंग होम के संचालक राजीव कुमार से नर्सिंग होम के पंजीकरण से संबंधित जब पेपर मांगा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अभी पंजीकरण नहीं हुआ है। उक्त पार्वती नर्सिंग होम, एङ्कडीङ्कए० कालोनी, नैनी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। तत्पश्चात टीम द्वारा उषा देवी पत्नी राजेश कुमार, अल्लापुर की शिकायत पर बजरंग चौराहा, अल्लापुर थिंत अंश मल्टी स्पेशलिटी डेन्टल क्लीनिक का निरीक्षण कियागया। उक्त डेन्टल क्लीनिक भी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पंजीकृत न होने के कारण सील कर दिया गया।

**चार बम के साथ आरोपी गिरफ्तार :** प्रयागराज । सिविल लाइंस पुलिस ने चार बम के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सुहैल अब्बासी उर्फ समीर निवासी कर्बला एवं ईशु कुमार भारतीया निवासी कर्बला हैं। दोनों को पानी टंकी चौराहे के पास से शनिवार को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उनके कब्जे से बम बरामद हुआ है। वे किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। तभी पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# धोखाधड़ी का आरोपित चिकित्सक गिरफ्तार, बेटे-बहू की तलाश जारी

**प्रयागराज।** रियल एस्टेट व शेयर बाजार में रुपये लगाने पर अच्छा लाभ देने का लालच देकर 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया। शिवकुटी पुलिस ने उसे शुक्रवार सुबह गोविंदपुर टैक्सी स्टैंड से पकड़ा।कई घंटे उससे पूछताछ की गई, लेकिन वह गोलमोल जवाब देता रहा। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गोविंदपुर निवासी डा. ओम प्रकाश द्विवेदी स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सक था। वह कुछ साल पहले रिटायर हुआ। वहीं, उसके पुत्र अभिषेक द्विवेदी ने वर्ष 2020 में पत्नी निहारिका के नाम से कंपनी बनाई। इसका नाम निहारिका वेंचर्स रखा। सिविल लाइंस के साईंधाम लैंडमार्क टावर में कार्यालय खोला गया। लोगों से कहा गया कि रियल एस्टेट व शेयर बाजार में रुपये लगाने पर प्रति माह पांच से छह प्रतिशत तक मुनाफा मिलेगा। इस पर बड़ी संख्या में लोगों ने रुपये लगाएबीच-बीच में अभिषेक द्विवेदी द्वारा लोगों को रुपये भी दिए गए। लेकिन, इधर करीब छह माह से रुपये देना बंद कर दिया गया। निवेश करने वाले लोग उसके पास फोन करते, तो वह टालमटोल करता। इसी बीच छह जून को निवेशकों को पता चला कि डा. ओम प्रकाश ने पुत्र अभिषेक को अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है।आनन-फानन बड़ी संख्या में लोग उसके पास पहुंचे, जिस पर पूरे परिवार ने अपशब्द कहते हुए धमकाया गया। इसके बाद लोग हाई कोर्ट के अधिवक्ता कौशल सिंह के साथ शिवकुटी थाना पहुंचे। यहां कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी, उसकी पत्नी निहारिका और पिता डा. ओम प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस को बताया कि 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। शुक्रवार सुबह शिवकुटी थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने डा. ओम प्रकाश द्विवेदी को गोविंदपुर टैक्सी स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। अभिषेक और उसकी पत्नी कहां हैं तथा रुपये किसके खाते में जमा हैं, इस बारे में पूछा गया तो वह गोलमोल जवाब देने लगा।



## झूंसी पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा किया दर्ज

**प्रयागराज।** थाना झूंसी में धारा- 156(3)सीआरपीसी न्यायालय एसीजेएम- 5 इलाहाबाद के आदेशानुसार आवेदक रतन कुमार अग्रवाल पुत्र लालजी अग्रवाल, निवासी झूंसी, थाना झूंसी जनपद प्रयागराज से प्रतिवादीगणो द्वारा धोखाधडी करते हुए वादी की जमीन को पुनः दूसरे को एग्रीमेन्ट करने तथा दिनांक 19.05.2024 को वादी के प्लाट का निर्माण कार्य रूकवाते हुए गाली गुप्ता देते हुए 10 लाख रुपए गुण्डा टैक्स की मांग करना, वादी के लेवर व मिस्त्रियों को बन्दुक के बट से मारते पीटते हुए वादी के गले से सोने की जंजीर व जेब से 50 हजार रूपया निकाल लेने व मारते पीटते हुए वादी को जमीन पर गिरा देने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना झूंसी पर मु0अ0सं0- 221/2024 धारा- 147/ 148/ 420/ 386/ 392/ 323/ 504/ 506 भादसं. बनाम (1) डा0 विपिन सिंह पुत्र स्व0 जय प्रकाश सिंह, (2) दीपक सिंह पुत्र स्व0 जय प्रकाश सिंह, निवासीगण ग्राम झूंसी, तहसील फूलपुर, प्रयागराज, (3) आशीष सिंह पुत्र अज्ञात, निवासी हण्डिया, थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज, (4) हिमांशु पुत्र समर बहादुर, निवासी फ्लैट नं0- 706 रिवेरा रेजिडेन्सी गोमती नगर लखनऊ, (5) 8 झ 10 अज्ञात व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया है।

**महावीर लॉ कॉलेज**
सरायइनायत, अबूसा मोड़, प्रयागराज।
(संबद्ध-प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज)

**प्राचार्य एवं सहा0 आचार्य की आवश्यकता है**

| | |
|---|---|
| विधि पंचवर्षीय | - 09 पद (राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रजी) प्रत्येक में एक-एक पद |
| विधि त्रिवर्षीय | - 07 पद |
| प्राचार्य | - 01 पद (15 वर्ष) |
| योग्यता | - L.L.M.+N.E.T./Ph.D |

वेतन यू.जी.सी. मानकानुसार
(विज्ञापन के 15 दिनों के अन्दर आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करें।
प्रबंधक
मो0: 9621377282, 8299684182
E-mail:mpsallahabad@gmail.com

# मौलाना की धारदार हथियार से दबंगों ने की हत्या

## आरोपी के साथ पड़ोसियों के घर पर किया तोड़ फोड़, पुलिस अधीक्षक के पहुंचने के बाद अक्रोशित भीड़ में मची भगदड़

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में शनिवार की सुबह पैसे के लेनदेन को लेकर मदरसा संचालक मौलाना फारूक की घरेलू औजार से मारकर हत्या कर दी गई। घटना की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

परिजन आरोपियों पर तत्काल बुलडोजर की कार्रवाई करने की मांग करते हुए शव को उठने से रोक दिया। घटना स्थल पर मौलाना के समर्थकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने भारी संख्या में पुलिस बल बुला लिया। किंतु इसके बावजूद आक्रोशित भीड़ ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों के घर पर पत्थरबाजी किया तथा तोड़फोड़ किया जिसमें कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। एस पी, डी एम व अन्य अधिकारियों के घंटों समझाने और प्रभावी



मौलाना मो0 फारुक (फाइल फोटो)

कार्रवाई का विश्वास दिलाने के बाद करीब पांच घंटे बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जा सका। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और पी ए सी तैनात की गई है। एडीजी ने भी घटना स्थल का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के निवासी मो0 फारूक (65) कुछ समय पहले गांव के ही चंद्रमणि तिवारी से एक जमीन का सौदा किया था और एडवांस



मौलाना की मौत पर घटना स्थल पर पहुंचे डीएम व एसपी।

के तौर पर कुछ रुपए भी दिए थे। बाद में चंद्रमणि तिवारी ने जमीन देने से इंकार कर दिया तो फारुक जमीन के लिए तिवारी पर दबाव बनाने लगे। आज सुबह मौलाना फारूक को एडवांस दिए रुपए वापस देने के लिए अपने घर बुलाया था जैसे ही मौलाना सुबह करीब 7:15 बजे चंद्रमणि के घर पहुंचे और रुपए वापसी के लिए बातचीत करने लगे तो कहा सुनी में मामला बिगड़ गया। आरोप है कि चंद्रमणि उनके बेटे पत्नी और पड़ोसी ने मिलकर मौलाना फारुक पर कुल्हाड़ी, फावड़ा और रंभा से सिर पर वार कर दिया गंभीर रूप से घायल मौलाना फारूक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई कुछ देर बाद घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो उसका बेटा असद और घर के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते हजारों की संख्या में मौलाना फारुक के समर्थक मौके पर पहुंच गए स्थित की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के सारे इंतजाम कर लिए फिर भी आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए भारी पड़ने लगा और देखते ही देखते आरोपी के साथ पड़ोसियों के घर पर भी धावा बोलकर जमकर पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की गई। भीड़ की हरकत से नाराज कप्तान ने माइक से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कानून हाथ में लेने की कोशिश हुई तो ठीक नहीं होगा। फिलहाल पौने दो बजे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेजने में सफलता प्राप्त कर लिया। मृतक के पुत्र मोहम्मद असद ने आरोपी चंद्रमणि तिवारी समेत जेठवारा थाने में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और पुलिस घटना के हर पहलू पर जांच पड़ताल कर रही है। मो.फारुक के तीन बेटे अरसद, असद, महमूद हैं। घटना की सूचना मिलते ही आलाधिकारी ए डी जी,आई जी सहित दर्जनों आलाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# शानो शौकत से उर्से अतीकी में मुल्क में अमनों शांति व तरक्की की मांगी गयी दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खानापटटी वार्ड स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में शनिवार को उर्से सूफी अतीके मिल्लत को लेकर सत्रहवां सालाना फातेहा शानोशौकत से हुआ। उर्से अतीकी में जिले तथा इलाके के अलावा पडोसी प्रयागराज, सुल्तानपुर, रायबरेली, अलीगढ़, मुरादाबाद, जौनपुर, बरेली आदि जिलों से भी आये मौलाना के साथ अकीदतमंदो ने अतीक साहब की मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की। लोगों ने मजार पर मांगी गयी दुआ में मुल्क में अमनों शांति तथा मोहब्बत व भाईचारे एवं तरक्की को लेकर दुआ मांगी। हजरत की मजार शरीफ में स्कूली बच्चों तथा बड़ी तादात में हिन्दू मुसलमानों को अपनी अपनी चादरें पेश करते देखा गया। वही जलसे में दूर से आये ओलमाए केराम व शायरों ने नात व तकरीर पेश कर मुल्क की तरक्की व हिफाजत पर रोशनी डाली। जलसे में हजरत मौलाना मो0 रहमानी मियां की कवायद में मदरसे की बुनियाद को खुशनुमा बताया गया। मौलाना रहमानी मियां ने कहा कि अतीक साहब के दिखलाये रास्ते पर आज मदरसे में गरीब व असहाय तथा यतीम बच्चों की तालीम व परवरिश बखूबी अंजाम दी जा रही है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मजार शरीफ पर गुलपोशी की। स्कूली बच्चों ने भी अपने हुनर का जलवा बिखेरा। इस मौके पर बेलाल रहमानी, आबिद अली, अब्दुल लतीफ खान, दिनेश सिंह, जर्रार अहमद, अम्बार रहमानी, नन्हें हुसैन, मो. ताहिर खान, सिराज अली, जाकिर हुसैन, अख्तर खान, वकील खान, अतीक खान, सईद खान, वकार अहमद, मो. हिफजान, नियाज बाबुरी, वसीम खान, बसर रहमानी, अफगान खान, राकेश तिवारी गुडडू, राजकुमार मिश्र आदि रहे।

# ग्राम प्रधान की कार के अंदर गला रेत कर निर्मम हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ग्राम प्रधान की कार के अंदर खून से लथपथ शव देखे जाने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सीएचसी ले गई जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

महेशगंज थाना क्षेत्र व बाबागंज ब्लाक के डिहवा जलालपुर गांव का ग्राम प्रधान कमलेश भारती उर्फ मम्मन पुत्र हरिकेश भारती की अज्ञात हत्यारों ने कार के अंदर धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिया। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के जमेठी गांव स्थित आसान देवी मंदिर के पास लावारिस कार के अंदर खून से लथपथ शव दिखलाई पड़ने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कुंडा

## डिहवा जलालपुर गांव का प्रधान था मम्मन

कोतवाली पुलिस ने कार समेत शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा पहुंची। जहां डॉक्टर ने प्रधान को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची पत्नी-मां शान्ती देवी पिता हरिकेश भारती भाई राजेश कुमार, सुशील कुमार समेत परिजनों में कोहराम मच गया तथा सभी का रो-रोकर बुरा हाल होने लगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भेजा गया है। मृतक प्रधान मम्मन के तीन बच्चे बेटी माही 12 वर्ष, बेटा शिवाय 6 वर्ष तथा एक बेटा एक वर्ष का है। बाबागंज विकासखंड में एक माह के अंदर चैथे ग्राम प्रधान मम्मन है, जिनकी मौत हुई है। इसके पूर्व मालाधर, कोड़र खुर्द, टिकारिया खुर्द की ग्राम प्रधान की मौत हो चुकी है। बता दें कि जिले में एक ही दिन मे दो दो हत्याओं से समुचा जनपद थर थरा गया जो कानून ब्यवस्था को सीधी चुनौती दे रहा है हालाकि तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल कानून ब्यवस्था को हाथ मे लेने वालो व अपराधी प्रव ति के लोगो को हवालात पहुंचाने मे कोई कसर बाकी नही छोड़ रहे है ग्राम प्रधान व मौलाना की हत्या पुलिस के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नही है अब देखना है कि दोनो हत्याओं का खुलासा और अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाने का काम कितनी जल्दी पुलिस करती है जो बहुत बड़ी पुलिस के लिए चुनौती है।

## कोटेदारों की दुकान पर राशन नही पहुंचा और वितरण का आदेश किया जारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकाकर के अंतर्गत अधिकतर कोटेदारों की दुकान पर माह जून मे फ्री मिलने वाला राशन गेहूं व चावल का स्टॉक अभी तक पहुंचा नही और जिला पूर्ति अधिकारी प्रतापगढ़ ने राशन वितरण करने का 8 जून 24 से आदेश जारी कर दिया जिससे कार्ड धारको को कोटे की दुकान पर स्टॉक न होने से वापस लौटना पड़ा। इस बाबत जब स्थानीय कोटेदारों से जानकारी किया गया तो बताया कि ब्लाक कालाकांकर के अधिकतर कोटेदारों मे किसी को गेहूं मिला है तो किसी को चावल नहीं मिला है तो किसी कोटेदार को न गेहूं मिला है और न ही चावल मिला है ऐसे मे कोटेदार कैसे राशन का वितरण करे जब कि डी एस ओ ने राशन वितरण करने का आदेश 8 जून से जारी कर दिया है जिससे कोटेदारों मे संशय बना हुआ जो वही कार्ड धारक भी दुकान का चककर लगा रहे है।

# आम तोड़ने के विवाद में किशोरी को मारी गोली, हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आम तोड़ने के विवाद को लेकर पटटीदार ने किशोरी के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। शरीर में छर्रे लगने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया है। घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी अन्तर्गत वीरसिंहपुर गांव में शनिवार सुबह आम तोड़ने के विवाद में छर्रे लगने से किशोरी घायल हो गयी। पीडित विपिन तिवारी पुत्र छेदी लाल तिवारी



लालगंज ट्रामा सेंटर में भर्ती घायल किशोरी सौम्या।

ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सुबह करीब साढ़े दस बजे उसकी भतीजी सौम्या 16 पुत्री अम्बिकेश तिवारी गांव स्थित आम के पेड़ से आम तोड़ने गयी थी। इसी दौरान रंजिश को लेकर पटटीदार देवेन्द्र, कमलेश तथा उसके पुत्र आदर्श वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। किशोरी के विरोध करने पर कमलेश ने तमंचे से जानलेवा फायरिंग कर दिया। जिससे शरीर में कई जगहों पर छर्रे लगने से सौम्या गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल सौम्या को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर घायल किशोरी के चाचा विपिन तिवारी ने पुलिस को देवेन्द्र व उनके पुत्र कमलेश तथा कमलेश के पुत्र आदर्श समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। चैकी इंचार्ज रानीगंज कैथौला सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि दोनों पक्ष पटटीदार हैं। आम तोड़ने के विवाद में घटना हुई है। जमीनी रंजिश का मामला भी संज्ञान में आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# परियावां में बजबजा रही नालियां, शिकायत पर भी नहीं हुआ असर

## मुस्लिम बस्ती मे बजबज़ा रही नाली, बीमारी की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की सबसे बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत परियावां के मुस्लिम बस्ती मे विगत चार पांच महीनों से नाली की सफाई न होने से गंदगी का समाज्य फैल गया है नाली के चोक हो जाने से उसमे बहने वाला गंदा पानी नाली के ऊपर से खड़ंजा मे भर रहा है जो बह न पाने के कारण बदबू देने लगा है शनिवार की सुबह मोहल्ले के लोगो ने बज बजा रही नाली के



परियावां मुस्लिम बस्ती मे बजबजा रही गंदगी।

गंदा पानी की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

इसको मीडिया के लोगो ने संबंधित ब्लाक कालाकांकर के ए डी ओ पंचायत सुशील कुमार जायसवाल को खबर के साथ पोस्ट कर दिया। खबर की जानकारी मिलते ही तत्काल ए डी ओ पंचायत मौके पर परियावां मुस्लिम बस्ती पहुँचे और सफाई कर्मियों को मौके पर बुलाकर उनको तत्काल नाली की सफाई करके उसका कचड़ा वंहा से हटा कर नाली की सफाई करके मुझको अवगत कराये। मोहल्ले के लोगो ने शिकायत किया कि 4-5 महीने से नाली की सफाई नही हुई जब कि स्थाई तौर पर सफाई कर्मी की नियुक्ति है फिर भी गंदगी से परियावां बस्ती की नालियाँ मेन सड़क से लेकर अंदर बस्ती तक गंदगी से भरी पड़ी है जब की अभी बरसात शुरु नही हुई। यदि बरसात शुरु होने के पहले नालिया की सफाई नही हो जाती तो होने वाली बरसात मे पानी का निकास न होने से ग्राम पंचायत के खड़ंजा पर भरा होने से इंकार नही किया जा सकता जिस पर से गुजरना ग्रामवासियो के लिए टेठी खीर साबित होगा। ग्रामवसियो ने एडीओ पंचायत सुशील कुमार जायसवाल से परियावां के बस्ती मे चोक हुई सभी नालियाँ की साफ सफाई बरसात शुरु होने के पहले सफाई कर्मियों की टीम भेजकर समस्या से निजात दिलाने के लिए इस ओर ध्यान आकृस्ट कराया है।

## कूड़ा फेंकने के विवाद में दबंग ने युवक को पीट कर किया लहूलुहान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की भूमि में कूड़ा फेंकने से मना करने पर दबंग पड़ोसी ने युवक को लाठी-डंडे से पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने मामले की नाम जड़ शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के पसंद गांव के रहने वाले निशांत कुमार का आरोप है कि उसके पुश्तैनी आबादी की भूमि में पड़ोसियों द्वारा कूड़ा-कचरा फेंका जा रहा था। शुक्रवार की सुबह भी विपक्षी उसके पुश्तैनी आबादी की भूमि में कूड़ा कचरा फेंक रहे थे। वह जब विरोध करने गया तो पड़ोसी ने गाली-गलौज करते हुए उसके ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिससे युवक के सर में गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायल युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेद मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# चोरों ने अस्सी हजार नकदी समेत उडाये जेवरात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने घर के अंदर घुसकर जेवरात समेत अस्सी हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीडित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना के देउम पूरब निवासी नंदलाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात वह बच्चों सहित घर के बाहर सो रहा था। घर के अंदर उसकी पत्नी सो रही थी। इस बीच देर रात अज्ञात चोर घर के अंदर घुस गये। चोरों ने बाक्स का ताला तोडकर अस्सी हजार नकद तथा सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को घर में चोरी का माहौल देख परिजन आवाक रह गये। पीडित ने घटना को लेकर शनिवार की सुबह सांगीपुर पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी बतायी जाती है।

## अराजकतत्वों ने छप्पर में लगायी आग, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अराजकतत्वों ने पीडित के छप्पर में आग लगाकर उसे जलाने का प्रयास किया। घटना को लेकर पीड़ित ने नामजद तहरीर दी है। लीलापुर थाना अन्तर्गत कटरा छत्रधारी गांव निवासी अमरनाथ वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के पडोसी से उसका विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में आरोपित ने रात करीब नौ बजे उसके छप्पर में आग लगा दिया। छप्पर में आग लगी देख उसे बुझाया गया। इधर शोर सुनकर ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नीट पास करने वाले ऋषि शुक्ला को एलायंस क्लब ने किया सम्मानित

## जिले के सभी मेधावियों को समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नीट की परीक्षा 2024 में प्रथम प्रयास में 669 अंक प्राप्त करने वाले होनहार बालक को एलायंस क्लब इंटरनेशनल ने सम्मानित किया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने ऋषि शुक्ला के घर पहुंचकर उनकी इस कामयाबी पर ऋषि शुक्ला का सम्मान कर बधाई दी और जिले में नीट की परीक्षा पास करने वाले मेधावियों को भी बधाई दी। साथ ही उनके माता-पिता को भी बधाई दी। उनके पिता अरविंद कुमार शुक्ला व माता आशा शुक्ला ने बताया कि इंटरमीडिएट में सीबीएसई से जिले में दूसरा स्थान रहा। हाई स्कूल में सीबीएसई में द्वितीय स्थान रहा। नीट



ऋषि शुक्ला का मुंह मीठा कराते समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य।

2024 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में 669 अंक प्राप्त किया और घर में ही रहकर तैयारी किया कोई कोचिंग नहीं किया। इस अवसर पर परमानंद मिश्रा, रोशनलाल उमरवैश्य, शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार, महेंद्र वर्मा आदि रहे।

## नीट परीक्षा पास कर पूर्व सभासद के भतीजे ने क्षेत्र का बढ़ाया मान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर के रहने वाले राजेश गुप्ता के पुत्र शिवम गुप्ता ने नीट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ अच्छी रैंक भी हासिल किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते 4 जून को नीट परीक्षा का परिणाम घोषित होने होने पर शिवम के माता-पिता के साथ परिजनों का भी खुशी का ठिकाना ना रहा। शिवम ने ऑल इंडिया रैंक में 5508 रैंक व कैटेगरी रैंक में 2150 रैंक हासिल किया है। शिवम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सेंट जेवियर स्कूल से प्राप्त की। उसके बाद उसका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो गया और वहीं से कक्षा 6 से लेकर इंटरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण की। जवाहर नवोदय विद्यालय में इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट परिणाम होने के बाद शिवम को विद्यालय ने अपने खर्चे पर कोचिंग के लिए पुणे भेजा और एक साल बाद ही शिवम ने नीट की परीक्षा पास कर विद्यालय के फैसले को सही साबित कर दिखाया। शिवम गुप्ता पूर्व सभासद मानिक गुप्ता के भतीजे हैं। मानिक गुप्ता ने कहा कि भतीजे द्वारा नीट परीक्षा उत्तीर्ण होने पर लोग शुभकामनाएं देने घर पहुंच रहे हैं जिससे घर में खुशी का माहौल व्याप्त है।

# जिले में रोटरी क्लब सेंट्रल के कार्यों को मंडल अध्यक्ष ने सराहा

## जीआईसी में पुनः निर्मित चबूतरे का किया अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आधिकारिक यात्रा पर जिले में सपत्नीक आए रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल के मंडलाध्यक्ष रो.सुनील बंसल एवं सह मंडलाध्यक्ष रो.संदीप कुमार ने रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल द्वारा राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ में पुनः निर्मित चबूतरे का अवलोकन किया और कार्यों को सराहा। यहां का टीम वर्क देखकर उन्होंने कम्प्यूटर और सिलाई मशीन देने की बात कही है।

इसके पूर्व अध्यक्ष रो. डॉ. शिव मूर्ति लाल मौर्य ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मंडलाध्यक्ष का स्वागत किया एवं पूर्व अध्यक्ष रो. राजेन्द्र



जीआईसी में पुनः निर्मित चबूतरे के पास मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी

खण्डेलवाल ने सह मंडलाध्यक्ष का स्वागत किया। रोटेरियन सुनील बंसल ने आश्वासन दिया कि हम लोग ऐसे कार्य करते हुए आगे बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई सिखाने का एवं कम्प्यूटर सिखाने का कार्यक्रम करें। उन्होंने सचिव अख्तर मसूद के द्वारा इस सत्र की दी गई रिपोर्ट में रक्तदान, पौधारोपण एवं जागरूकता अभियान, शिक्षकों का सम्मान, भूला बिसरा शिविर, प्राथमिक चिकित्सा शिविर, निःशुल्क पेयजल शिविर, कंबल वितरण, पुलवामा शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर सहित अनेकों जनहित के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सेवा एवं पब्लिक इमेज के कार्यक्रमों से प्रभावित होकर सिलाई मशीन एवं कम्प्यूटर देने की घोषणा की। रो.अश्विनी कुमार केसरवानी ने आभार व्यक्त किया।

## थाना समाधान दिवस पर आयी दो शिकायतें, निस्तारण शून्य

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई किया। थाना समाधान दिवस पर कुल दो शिकायतें आयीं। इसमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। वहीं निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी ने मातहतों से पारदर्शितापूर्ण समस्याओं के निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिये। इस मौके पर दरोगा दीपक यादव, संतोष गिरि, कबीरदास आदि मौजूद रहे।

# टूट कर गिरा छज्जा किशोरी और महिला की मौत

## एक बालक गंभीर रूप से घायल, जाको राखे साइयां मार सके ना कोय हादसे में मासूम बच्चा बाल बाल बच्चा, जिस मकान का गिरा छज्जा उस पर कब्जे को लेकर भतीजे से चल रहा था विवाद

अखंड भारत संदेश





**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहद्दीनपुर गौस गांव में शुक्रवार की रात नौ बजे रामकिशोर पाल के घर का छज्जा छत सहित भरभरा कर जमीदोज हो गया रामकिशोर पाल के बेटे नहीं है वह अपनी संपत्ति बेटियों को देना चाहते हैं उनका भतीजा इस जमीन पर कब्जे की नियत बनाया था जिससे विवाद चल रहा था जिस वक्त छज्जा टूटा उस वक्त छज्जे पर रामकिशोर पाल के नाती और नातिन बैठे थे जब छज्जा टूटा तो छज्जे के साथ बालिका और बालक भी नीचे गिर गए और दब गए छज्जे के नीचे दबने से बालिका की मौत हो गयी बालक गंभीर रूप से घायल है छज्जे के नीचे रामकिशोर पाल की एक बेटी बैठी थी वह भी मलवे में दब गई उसकी भी मौत हो गई घायल का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था छज्जे के गिरने से तेज आवाज सुनकर आस पास के लोग दौड़े और छज्जे के नीचे दबे हुए लोगो को निकाला घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला और बालिका के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मोहद्दीनपुर गौस गांव के रहने वाले राम किशोर पाल की दो बेटियां हैं बेटे नहीं है छोटी बेटी सुमित्रा देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी उमेश वा बड़ी बेटी की पुत्री विमला उम्र 14 वर्ष पुत्री विनोद व अनूप उम्र 10 वर्ष पुत्र विनोद शुक्रवार की रात्रि नौ बजे राम किशोर पाल के भतीजे राम आसरे के कब्जे की छत पर सोने गए थे और उसी छत के छज्जे के नीचे विमला की मौसी सुमित्रा चारपाई बिछा कर अपने छह महीने के बच्चे को लेकर लेटी थी करीब नौ बजे अचानक छज्जे सहित ढाई फीट छत भरभरा कर जमीदोंज हो गया और छज्जा पलट गया, नीचे चारपाई पर लेटी सुमित्रा और छत पर लेटे विमला और अनूप छज्जे के नीचे दब गए छज्जे के गिरने की आवाज दूर दूर तक गई तो लोग चौंक गए और आस पड़ोस के ग्रामीण बचाव के लिए दौड़े किसी तरह से छज्जे को उठाया और नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला लेकिन तब तक छज्जे के नीचे दबी सुमित्रा और विमला ने दम तोड दिया था और अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए मृतकों के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। गौरतलब है कि राम किशोर के बेटे नही है केवल दो बेटियां हैं अपने पिता की सेवा करने के लिए छोटी बेटी सुमित्रा शादी के बाद से ही पिता के साथ मोहद्दीनपुर गौस में ही रहती थीं जिसके तीन छोटे छोटे बच्चे है और बड़ी बेटी की पुत्री विमला भी अपने नाना के साथ रहती थी। कुछ दिन पहले बड़ी बेटी का लड़का विमला का भाई अनूप नाना के घर आया था शुक्रवार को जब घटना हुई थी तो उसी घर में राम किशोर का लड़का राम आसरे और उसकी पत्नी सुनीता देवी घर के अन्दर से इतनी बड़ी घटना के बाद घर से बाहर तब तक नही निकले जब तक शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नही भेज दिया जब की जिस छत का छज्जा टूटा था उसी घर से लगा हुआ घर है आस पड़ोस मोहल्ले वालों को आशंका है घटना को संदिग्ध और मौत को साजिश बताई जा रही है।

# तेज गति डंपर ने घर के बाहर खड़ी बालिका को कुचला, मौत

अखंड भारत संदेश

**दुर्घटना करने वाले डंपर का पीछा कर ग्रामीणों ने वाहन समेत चालक को पकड़ लिया**



**महेवाघाट कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर में घर के बाहर खड़ी 10 वर्ष की एक बालिका को तेज गति अनियंत्रित डंपर चालक ने कुचल दिया है जिससे बालिका की मौत हो गई है बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया गांव के लोगों का मजमा घटना स्थल पर लग गया है हादसे के बाद वाहन समेत डंपर चालक फरार हो गया है जिसका पीछा करने के बाद ग्रामीणों ने वाहन समेत चालक को पकड़ लिया है और पुलिस को सौंप दिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव निवासी शिवांगी उर्फ बेबी उम्र 10 वर्ष पुत्री मंगला प्रसाद सड़क के किनारे खड़ी थी इसी बीच ओसा की तरफ से महेवाघाट की तरफ जा रही तेज गति डंपर ने बालिका को कुचल दिया है जिससे बालिका की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर गांव के सैकड़ो लोगों का मजमा लग गया और लोगों ने दूसरे वाहनों से पीछा कर डंपर चालक को वाहन समेत पकड़ लिया है और पुलिस को सौंप दिया है ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया काफी देर तक समझाने बुझाने के बाद सड़क का जाम समाप्त हुआ है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सीएम कार्यालय पहुंचा लव जिहाद का मामला

अखंड भारत संदेश

**मुख्यमंत्री ने कौशांबी पुलिस को जमकर सुनाई खरी खोटी, चायल सर्किल पुलिस ने महकमे की करा दी किरकिरी**



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी से 01 मार्च की रात्रि एक किशोरी को भरवारी कस्बे के कुछ मुस्लिम युवक जबरदस्ती कार में बिठाकर उठा ले गए थे किशोरी के साथ उसके घर से चार लाख रुपए से अधिक की रकम भी आरोपी युवक साथ में ले गए थे घटना को 3 महीने से अधिक बीत गया है लेकिन घर से आधी रात को किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है। मामले को लेकर किशोरी के पिता कई बार पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस अधिकारियों से मिले लेकिन थाना पुलिस की लापरवाही लगातार बनी रही। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि उसकी पुत्री का धर्म परिवर्तन कराकर उसका निकाह करने के बाद उसे कहीं गुप्त स्थान पर छुपाया गया है या फिर उसकी पुत्री की आरोपियों द्वारा हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद का मामला है लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने किशोरी को बरामद नहीं किया। आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है मामले को लेकर मुख्यमंत्री की चौखट पर पीड़ित परिवार पहुंचा जिस पर मुख्यमंत्री ने कौशांबी पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए बालिका को शीघ्र बरामद करने का निर्देश दिया है।

## आमने सामने भिड़े 2 बाइक सवार,3 घायल

**अझुवा कौशांबी।** कड़ा धाम के दिलावलपुर के गांव के पास शनिवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना दी।घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है। कड़ाधाम कोतवाली के बक्सी का पूरा निवासी रमेश चन्द्र पाल पुत्र रामकिशोर पाल शनिवार को भांजे दीपक पाल पुत्र रामधनी निवासी जहाँगीराबाद के साथ सैनी मंडी जा रहा था। बताते हैं कि बाइक सवार मामा-भांजे जैसे ही दिलावलपुर मोड़ के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे बाइक सवार शिवशंकर सोनकर पुत्र भैयालाल निवासी कड़ा थाना कड़ाधाम से भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिड़ंत में मामा-भांजा समेत तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना देख आस-पास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे। घटना कीजानकारी घायलों के परिजनों के साथ पुलिस को देते हुए सभी को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है।

# ट्रेन के आगे कूदी रेप पीड़िता बालिका गम्भीर घायल

## कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी प्रिंसिपल की गिरफ्तारी नहीं कर सकी पुलिस

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में आरएसएस द्वारा संचालित रामबली शर्मा सरस्वती बाल मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल डी के मिश्रा द्वारा नाबालिग किशोरी के साथ अश्लीलता और रेप की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी,वायरल वीडियो और पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर कोखराज थाना पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया था,लेकिन रेप से आहत नाबालिग पीड़िता ने शनिवार की सुबह ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की है,ट्रेन की टक्कर से किशोरी को गंभीर चोट आई है,जिसे जिला अस्पताल ने भर्ती करवा दिया गया है,जहा उसका इलाज चल रहा है,वही पुलिस आरोपी प्रिंसिपल की तलाश में जुटी हुई है,लेकिन उसका मोबाइल नंबर लगातार बंद आने से पुलिस के हाथ अभी भी खाली है। वीडियो बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और मुख्य अभियुक्त अभी पुलिस से दूर है। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी के आरएसएस द्वारा संचालित रामबली शर्मा सरस्वती बाल मंदिर स्कूल का है,स्कूल में बतौर प्रिंसिपल डी के मिश्रा तैनात है,प्रिंसिपल की किशोरी के साथ अश्लीलता की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो हड़कंप मच गया,वायरल वीडियो की जांच के बाद पीड़िता के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ धारा 376, पाक्सो एक्ट एवम 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया था मामले की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने टीम गठित की है।वही शनिवार की सुबह पीड़िता किशोरी ने ट्रेन के सामने कूद कर अपनी जान देने की कोशिश की है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल ने भर्ती कराया है,जहा उसका इलाज चल रहा है।

## अपने पराए की पहचान कर गांव में हो रही सफाई

**सफाई कर्मी के वर्षों से ना आने से उमरछा ग्राम में बिना बारिश के लगा गंदगी का अंबार**



**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लाक अंतर्गत उमरछा गांव में ग्राम प्रधान विरोधी और अपने में पक्षपात करते हुए गांव की सफाई व्यवस्था संचालित करवा रहे हैं प्रधान की दोहरी नीति से आधा गांव गंदगी से बजबजा रहा है सफाई कर्मी मौज कर रहा है उसे वेतन दिया जा रहा है अभी बारिश शुरू नहीं हुई है फिर भी कीचड़ और गंदगी से गांव के लोगों का जीना मुहाल है जगह जगह गंदगी का अम्बार लगा है अभी बरसात भी नहीं हुई है कि पूरे गांव में कीचड़ एकत्रित है लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है गांव की सफाई व्यवस्था चौपट है ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी साल बीत जाने के बाद गांव नही आया गांव के प्रधान दो नजरिया से काम करवाते है गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रधान जानबूझकर सफाई कर्मी नही भेजते हैं ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानी के समय चुनाव में किसने वोट दिया है किसने प्रधान जी को वोट नहीं दिया है इस बात की प्रधान ने अपनो से रिपोर्ट तैयार करवाई है और जिसने प्रधान की नजर में वोट नहीं दिया उसके मोहल्ले में सफाई नहीं होती उसे विकास योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता है आखिर संविधान की शपथ लेकर ग्राम प्रधानी करने वाले प्रधान के पक्षपात पूर्ण रवैया पर अधिकारियों ने अभी तक रोक क्यों नहीं लगाई है इन्हें निलंबित करके इनका बस्ता क्यों नहीं जमा कराया गया है ग्रामीणों ने गांव की सफाई व्यवस्था बहाल करवाने की मांग के साथ-साथ बिना काम करने वाले सफाई कर्मी के वेतन को रोकने और प्रधान के दोहरे चरित्र पर कार्रवाई की मांग की।

# धारा प्रवाह गाली गलौज कर पीड़ितों पर रौब झाड़ती योगी की जांबाज पुलिस

अखंड भारत संदेश

**महिला सिपाही के बिना महिला को पकड़ने गयी 112 डायल पुलिस ने ग्रामीणों के दबाव में महिला को छोड़ा**

**कौशाम्बी।** डायल 112 पुलिस को पीड़ित परिवार की मदद के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने स्थापित किया लेकिन डायल 112 की पुलिस पीड़ित परिवार की मदद करने के बजाय धारा प्रवाह गाली गलौज कर पीड़ित परिवार पर पुलिस का रौब झाड़ती दिखाई पड़ रही है डायल 112 पुलिस के कारनामे से पुलिस महकमें की वर्दी शर्मसार हो रही है महिला पुलिस की उपस्थिति ना होने के बाद भी महिलाओं को पकड़ने के लिए डायल 112 पुलिस गांव पहुंच गई और महिला को पकड़ कर जबरिया पुलिस वाहन में बैठा लिया जिस पर ग्रामीणों ने विरोध किया ग्रामीणों के विरोध के बाद पुलिस वाहन से महिला को उतार कर उसके पिता को पुलिस वाहन में बैठा कर पुलिस लेकर चली गई है गाली गलौज का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है हालांकि इसकी पुष्टि हम नहीं करते। महिलाओं को पकड़ने और गिरफ्तारी के मामले में शासन का स्पष्ट निर्देश है कि महिला सिपाहियों के बिना महिलाओं को पकड़ कर पुलिस सिपाही ना ले जाए लेकिन उसके बाद भी महिलाओं को थाने ले जाने के मामले में डायल 112 की पुलिस ने जिस तरह से 03 जून को गुलामीपुर गांव में तत्परता दिखाई है सिपाहियों ने कानून की धज्जियां उड़ा दी जिला कचहरी में अधिवक्ता अमन कुमार शर्मा निवासी बेरूवा थाना चरवा की पत्नी अपने मायके गुलमीपुर थाना सैनी गई हुई थी जहां अधिवक्ता की ससुराल में कुछ विवाद हुआ जिस पर डायल 112 पुलिस गुलामीपुर पहुंची और अधिवक्ता की पत्नी को गाली गलौज अभद्रता करते हुए जबरिया गाड़ी में बैठा लिया ग्रामीणों में विरोध किया तो महिला को उतार करके पुलिस वाहन में उसके पिता को बैठा लिया गया अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि डायल 112 के दो सिपाहियों ने गांव के संदीप अनुज की मदद से गाली गलौज करते हुए घसीट कर महिला को पुलिस की गाड़ी में बैठा लिया है पुलिस जिस तरह से धारा प्रवाह गाली गलौज कर रही है यह तो गुंडे जैसा बर्ताव कर रही है उस समय पुलिस की गाड़ी में महिला सिपाही नहीं थी हालांकि ग्रामीणों के बढ़ते दबाव के बाद गाड़ी में बैठाने के बाद महिला को पुलिस ने उतार दिया और महिला के पिता को पुलिस पकड़ कर ले गई आखिर इन पुलिस कर्मियों को महिला को पकड़ने का किसने अधिकार दिया है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन मामले को 5 दिन बीत जाने के बाद भी दोषी सिपाहियों पर कार्रवाई नहीं हुई है और पुलिस के सहयोग में लगने वाले दोनों लोगों पर भी अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

## सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने के संबंध में डीएम ने समिति गठन कर जांच का दिया आदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर विकास खंड के ग्राम सभा अम्बवा पश्चिम गांव निवासी कमलेश कुमार, रामसुमेर, शिवमोहन, राकेश कुमार सहित आदि लोगों ने शिकायती पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राम सभा अंबवा पश्चिम विकास खण्ड मंझनपुर उपरोक्त प्रार्थी गणों के गांव के ही ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा गांव के पशुपतिनाथ को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पशुपतिनाथ की भूमिधरी जमीन आराजी संख्या- 209 पर नाली व इण्टरलॉकिंग का कार्य कराया गया है जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। इसके अलावा ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध कई बिन्दुओं पर शिकायत कर जांच की मांग की गयी है।शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लेखित समस्त बिन्दुओं की जांच हेतु जिलाधिकारी के आदेश पर एक समिति का गठन किया गया और उक्त समिति को यह आदेश दिया गया कि जांच कर 15 दिन अंदर रिपोर्ट डीएम कार्यालय जाए।

## न्यूज झरोखा

### युवक का नहर पुलिया के नीचे मिला शव, मची सनसनी



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के केसरिया गांव से लापता युवक की लाश शनिवार की सुबह नहर में पड़ी मिली। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के बाद युवक के परिजन रोते-बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। केसरिया गांव निवासी 35 वर्षीय मानसिंह पुत्र जगतपाल खेती-किसानी करता था। गुरुवार शाम मानसिंह अचानक लापता हो गया। परिवार के लोग उसका पता लगाने के लिए रिश्तेदार एवं करीबियों के यहां गए पर कहीं पता नहीं चला। शनिवार की सुबह मानसिंह का शव नेशनल हाईवे के पास नहर में बन रही पुलिया के नीचे गड्ढे में पड़ा मिला। नहर की ओर गए लोगों ने शव देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की पहचान करने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। रोते-बिलखते घर वाले घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से पिता के साथ पत्नी व बेटी नंदनी शिवानी का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### विवादित मामलों को गंभीरता से लेकर तत्काल कराएं निस्तारित : एसपी



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि विवादित मामलों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी विवादित मामले को गंभीरता से लें और तत्काल उसका निस्तारण कराएं थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण के लिए थानेदार को निर्देशित किया उन्होंने कहा कि सभी विवादित मामलों को गम्भीरता से लेकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करें और आपराधिक मामलों में तनिक भी लापरवाही न हो राजस्व कर्मचारियों को भी सख्त चेतावनी दिया कि जमीन से जुड़े विवादित मामलों को बिना लापरवाही के तत्काल जाँच कर निस्तारण कराए जिससे विवाद की सम्भावना कम हो जाएगी इस मौके पर एसओ कोखराज इंद्रदेव कानून गो सोहनलाल, लेखपाल नरेन्द्र सिंह,देवेंद्र सिंह,आदि लोगों की उपस्थिति में समाधान सम्पन्न हुआ

### पत्रकार को धमकी देने वाले चंद्रभान पर मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार रजनीश कुमार की खबर से बौखलाए चंद्रभान ने सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यम से रजनीश कुमार को गाली गलौज की उन्हें तरह-तरह की धमकी दी मामले की जानकारी रजनीश कुमार में चरवा थाना पुलिस को दी पुलिस ने कथित पत्रकार चंद्रभान के ऊपर गाली गलौज और धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हे खग, हे मृग, हे मधुकर श्रेणी तुम देखी सीता मृगनयनी

अखंड भारत संदेश



**कथा के छठवें दिन भगवान श्रीराम भरत मिलाप से लेकर सीता हरण, जटायु रावण युद्ध सहित सबरी को नवधा भक्ति का प्रसंग सुनकर लोग हुए द्रवित**

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के रामपुर धमावा कैमा स्थित त्यागी बाबा कुटी मे सोमवार 3 जून से चल रही साप्ताहिक श्रीरामकथा के छठवें दिन भगवान श्रीराम भरत मिलाप से कथा प्रारंभ हुई। ननिहाल से अयोध्या लौटे भरत को जैसे ही यह ज्ञात हुआ कि भाई राम और लक्ष्मण माता सीता के साथ वन गमन कर गए हैं उन्हे भारी दुख हुआ और भरत अयोध्यावासियों के साथ भगवान श्रीराम को मानने चित्रकूट पहुंचे जहां राम भरत मिलाप हुआ। राम जी के वापस अयोध्या न जाने पर उनकी खड़ाऊ लेकर भरत जी वापस अयोध्या लौट गए।इसके कुछ वर्षों बाद भगवान श्रीराम माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ नाशिक पंचवटी पहुंचे। पंचवटी में लंकापति रावण की बहन सुर्पनखा ने राम से विवाह की इच्छा जताई। राम के मना करने पर वह लक्ष्मण के पास गई। लक्ष्मण द्वारा उसके नाक कान काट लिए गए जिससे वह क्रुद्ध होकर रावण के दरबार पहुंची और आप बीती बताई। बहन के अपमान से क्रोधित होकर रावण ने मामा मारीच को सोने का हिरण बनकर सीता को आकर्षित करने का कुचक्र किया।सीताजी ने सोने के हिरण को शिकार कर लाने की राम जी से इच्छा जताई। राम जी सोने के हिरण का शिकार करने चले गए। उनके द्वारा मामा मारीच रूपी सोने के हिरण के वध के उपरांत हा सीते.... हा सीते... की करुण विलाप सुनकर माता सीता ने लक्ष्मण को राम जी की सुध लेने हेतु वन जाने को कहा जिसपर लक्ष्मण ने लक्ष्मण रेखा खींच सीता जी के आज्ञानुसार वन को चले गए। इस मौके पर साधु का भेष बनाकर लंकापति रावण आया और सीता जी का हरण कर लिया। रावण द्वारा सीता हरण कर आकाश मार्ग से लंका की ओर ले जाते जटायु ने देखा जिसपर सीता जी को रावण से छुड़ाने हेतु जटायु ने रावण से युद्ध किया। इधर जब राम और लक्ष्मण कुटिया वापस आए और सीता जी को कुटिया में नही पाया तो विलाप करते हुए उन्हें खोजने लगे। वे जंगल के जीव जंतु पेड़ पौधों से सीता जी के बारे मे पूंछने लगे हे खग, हे मृग, हे मधुकर श्रेणी.तुम देखी सीता मृगनयनी....इसके बाद उन्हें घायल जटायु मिला जिसने लंकापति रावण द्वारा सीता जी के हरण की उन्हे सूचना दी और बताया कि दक्षिण दिशा में लंका की ओर आकाश मार्ग से सीता जी को चुराकर रावण ले गया है। इसके बाद भगवान सबरी आश्रम पहुंचे और सबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। छठवें दिन की कथा सुनकर कथा श्रोता द्रवित हो उठे। इस अवसर पर अजय सोनी, सीताराम केसरी भानु प्रताप सिंह सचिन केसरवानी, प्रशांत केसरी, पवन केसरवानी, राजेश केसरवानी, रवि सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवती के विधवा होते ही ससुराली जनों का आतंक अत्याचार बढ़ा

**महगाव कौशाम्बी** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के छोटी धन्नी गांव में दामाद के अंतिम संस्कार में पहुंचे दंपति के साथ अभद्रता गाली-गलौज किया गया है ज्ञानचंद निवासी हाजीपुर नूरपुर थाना पिपरी ने अपनी बेटी की शादी छोटी धन्नी गांव में की थी 29 मई को ज्ञान चंद्र के दामाद की मौत हो गई ज्ञानचंद अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ बेटी की ससुराल धन्नी गांव पहुंचे दामाद के अंतिम संस्कार में शामिल हुए दामाद के अंतिम संस्कार में शामिल होने पर ज्ञानचंद और उनकी पत्नी रेखा देवी पर ससुराल के लालता प्रसाद उनके पिता धर्म नारायण और चार पांच अन्य लोगों ने ज्ञानचंद उनकी पत्नी रेखा देवी के साथ गाली गलौज किया है और साथ ही साथ उनकी बेटी के साथ भी गाली गलौज किया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई 8 जून को बेटी का हाल-चाल लेने फिर ज्ञानचंद बेटी के ससुराल धन्नी गांव पहुंचे जहां फिर ससुराल के लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज किया है और पहले के विवाद के मामले में समझौता पत्र के नाम पर जबरिया हस्ताक्षर करवा लिया है और धमकी दिया है कि यदि पुलिस से शिकायत करोगे तो तुम्हारी बेटी की हत्या करके फेंक देंगे मामले की सूचना दोबारा फिर रेखा देवी ने पुलिस को देते हुए बेटी के ससुराली जनों पर कार्यवाही की मांग की है।

## अवैध हड्डी गोदाम पर कटे हुए गोवंशो के शव बरामद

**कौशाम्बी।** जिले में अवैध हड्डी गोदाम पर गाय की हत्या कर उसके शव से खाल उतारने की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को इसकी सूचना दी,सूचना पर पुलिस ने अवैध हड्डी गोदाम पर छापा मारा तो वहा कटे हुए गोवंशो के शव बरामद हुए है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कार्यालय के समीप जंगल का है जहा पुलिस ने अवैध हड्डी गोदाम पर छापा मारकर दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है,सूचना मिल रही है कि फारुख नाम के व्यक्ति के लिए दोनों युवक काम करते है, झाड़ियां के बीच गोवंशों के अवशेष पड़े हुए मिले है।

संपादक की कलम से

# किंगमेकर नीतीश कुमार का नरेन्द्र मोदी का पैर छूने के लिए झुकना 4 इशारे करता है

आज शुक्रवार को नवनिर्वाचित एनडीए संसदीय दल की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ०?यवहार देखने लायक था। अगर आपका पोलिटिकल ओरिएंटेशन एनडीए की ओर है तो शायद पुरानी संसद के सेंट्रल हाल का ये दृश्य देखकर आप भाव विभोर भी हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह पीएम मोदी के सम्मान में अपने भाव व्यक्त किए वो कुछ ऐसा ही था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शायद उस वक्त कुछ ज्यादा ही भावुक हो गए थे। उनकी आंखें डबडबाई महसूस हो रहीं थीं। नीतीश कुमार नरेंद्र मोदी के प्रति जो विश्वास दिखा रहे थे, उनके शब्दों से उसे समझा जा सकता है। वो मोदी के नेतृत्व में पूर्ण आस्था दिखा ही रहे थे, ये भी चाहते थे कि बस जल्दी शपथ ग्रहण भी हो जाए। उन्होंने कहा कि मैं तो चाहता हूं अभी शपथ ग्रहण हो जाए पर आप जब चाहे हम आपके साथ हैं। इतना ही नहीं नीतीश कुमार स्पीच देने के बाद मोदी के पास जाते हैं और उनके पैर छूने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी भी उनके सम्मान में तुरंत खड़े हो जाते हैं और उन्हें झुकने से रोक लेते हैं। देश के 2 सम्मानित नेताओं का यह मिलन वास्तव में अद्भुत था। पर विरोधी हों या समर्थक सभी नीतीश कुमार के इस जेस्चर को देखकर अचंभित हुए। उम्र के लिहाज से दोनों में ज?यादा फर्क नहीं है। नीतीश कुमार पीएम मोदी से महज 6-7 महीने ही छोटे हैं। लेकिन, राजनीतिक हलको में कहा जाता है कि नीतीश कुमार को समझना मुश्किल ही नामुमकिन है। आइये देखते हैं वो कौन सी बातें हैं जिसके चलते नीतीश कुमार आज नरेंद्र मोदी को लेकर इतने विनम्र नजर आ रहे थे।

**1- इंडिया गठबंधन से कुछ मिलने की बहुत उम्मीद नहीं :**

नीतीश कुमार सत्ता के बहुत महीन खिलाड़ी हैं। कुर्सी उनको बहुत दूर से दिखाई देती है। जहां तक बीजेपी के धुरंधरों की नजर नहीं पहुंच सकती, उसके आगे तक देखने का नजरिया उनके पास है। उन्हें बहुत पहले पता लग गया था कि इंडिया गठबंधन अभी सत्ता से कोसों दूर है। इसलिए ही उन्होंने मौका देखकर एनडीए की ओर पलटी मार ली थी। वो जानते हैं कि अभी भी इंडिया गठबंधन में इतने दावेदार हैं कि वहां पीएम और डिप्टी पीएम के लिए बहुत मारा मारी है। इंडिया गठबंधन अगर सरकार बनाती भी है तो उसके ऑर्किटेक्ट कई होंगे। वहां पर राहुल गांधी ही नहीं अखिलेश यादव, ममता बनर्जी , अरविंद केजरीवाल जैसे कई लोग नीति नियंता बनेंगे। सबसे बढ़कर उनके पुराने दोस्त लालू यादव की भूमिक तो प्रमुख रहेगी ही। लालू ने जब उन्हें इंडिया गठबंधन का कन्वेनर नहीं बनने दिया तो नीतीश कुमार के साथ इंडिया गठबंधन में न्याय नहीं होने वाला है।

**2- एनडीए में कोई बढ़िया डील हुई है ? :**

जिस तरह का भाषण देते समय नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में जो बाकी है उसके बारे में बात की उससे लगता है कि कुछ तो डील हुई है। 'इन्होंने पूरे देश की सेवा की है, पूरा भरोसा है जो कुछ भी बचा है अगली बार ये सब पूरा कर देंगे, जो भी राज्य का है हमलोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। हम देखें हैं कि इधर उधर कुछ जीत गया है, अगली बार जो आइएगा न तो सब हारेगा। उन लोगों (विपक्ष) ने आजतक कोई काम नही किया है देश बहुत आगे बढ़ेगा बिहार का सब काम हो ही जाएगा।'

नीतीश ने कहा, 'बिहार के सभी लंबित काम पूरे किए जाएंगे। यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और हम सभी आपके (पीएम मोदी) साथ मिलकर काम करेंगे। आप रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, लेकिन मैं चाहता था कि आप आज ही शपथ लें। जब भी आप शपथ लेंगे, हम आपके साथ होंगे...हम सभी आपके नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे...'

बिहार के सभी लंबित का पूरे किए जाएंगे इस एक वाक्य से उन्होंने यह संदेश दिया है कि कुछ तो डील हुई है। पिछले दिनों बिहार के राजनीतिक दलों में एक बात की बहुत चर्चा है कि नीतीश कुमार के बेटे को भी राजनीति में स्टैबलिश करना है। हो सकता है कि इस बात पर भी कोई प्लान बी तैयार किया गया हो।

**3-बहुत पुराने संबंध मोदी और नीतीश के :**

नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हां ये भी रहा है कि बीच-बीच में नीतीश कुमार रूठ जाते रहे हैं। पर इसका कारण इतना राजनीतिक रहा है कि नरेंद्र मोदी ने भी कभी उसे दिल पर नहीं लिया। यही नीतीश कुमार के लिए भी रहा है। नरेंद्र मोदी से उनकी जब भी दूरी बनी उसका कारण राजनीतिक लाभ ही लेना था। व्यक्तिगत रूप से दोनों के बीच ऐसा कोई कारण नहीं था जिसे दुश्मनी का आधार मान लिया जाए। नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी का उस समय साथ दिया जिस समय उनकी पार्टी के लोग भी उनके पक्ष में बोलने को तैयार नहीं थे। 2002 में हुए गुजरात दंगों के चलते जिस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी से लोग रिजाइन चाहते थे उस समय नीतीश कुमार ने मौन रहकर अपने दोस्त की मदद की थी। बाद के दौर में हालांकि नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी से अपनी बहुत दूरी बना ली। उसका कारण पीएम पद का रेस था। पीएम पद की रेस में बीजेपी की ओर से नरेंद्र मोदी चेहरा बन चुके थे। जबकि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार पीएम कैंडिडेट की तरह उभर रहे थे। जाहिर है कि 2014 में अगर नरेंद्र मोदी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता तो एनडीए की ओर से नीतीश कुमार का नाम पीएम पद के लिए प्रस्तावित हो सकता था।

नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बहुत सम्मान दिया है। राजनीतिक विश्लेषक सौरभ दुबे कहते हैं कि बिहार 2021 में विधानसभा चुनावों में जेडीयू की सीटें कम आने के बाद भी अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने तो उसके पीछे नरेंद्र मोदी ही थे। दूसरी बार जब एक बार फिर नीतीश कुमार आरजेडी को छोड़कर एनडीए में आते हैं तो नीतीश कुमार को सीएम बनाने के लिए कोई तैयार नहीं था। गृहमंत्री अमित शाह तो बिल्कुल भी नहीं चाहते थे। बिहार की स्थानीय राज्य इकाई भी नहीं चाहती थी कि नीतीश कुमार बीजेपी में वापस में आएं। दुबे कहते हैं कि यह नरेंद्र मोदी का ही फैसला था कि नीतीश कुमार जिस तरह आना चाहते हैं उन्हें उसी तरह सम्मान के साथ एनडीए में लाया जाए।

4-नीतीश कुमार को सम्मान की जरूरत :

नीतीश कुमार अभी राजनीति से संन्यास लेने के मूड में नहीं हैं। वो 2024 के चुनावों का हश्र देख चुके हैं। वो जानते हैं कि उनकी पार्टी के कोर वोटर्स बीजेपी के साथ ज्यादा महफूज महसूस करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में आरजेडी के साथ रहते तो संभावना थी कि नीतीश कुमार को इतनी बड़ी सफलता नहीं मिलती। फिर मंडल की राजनीति जेडीयू और आरजेडी दोनों ही करते हैं। शायद यही कारण है कि आरजेडी हमेशा से जेडीयू को खत्म करने की कोशिश में होती है। आरजेडी के साथ सरकार में रहते हुए भी तेजस्वी और लालू यादव ने नीतीश कुमार को हैरान परेशान कर रखा था। बिहार सरकार के सारे काम का श्रेय तेजस्वी अकेले लेना चाहते थे। पिछली बार जब महागठबंधन छोड़कर नीतीश कुमार एनडीए में आए थे उस समय तेजस्वी और आरजेडी के ट्वीटर हैंडल ने नीतीश कुमार के खिलाफ इतना कुछ लिखा था जिसे नीतीश कभी भुला नहीं पाते हैं। इंडिया गठबंधन को बनाने का सारा श्रेय नीतीश कुमार का था। पर कभी भी लालू यादव और कांग्रेस ने उन्हें इस बात का श्रेय तक नहीं दिया। नीतीश कुमार शायद यही सब सोचकर बार-बार कहते हैं कि अब उन?हें कहीं नहीं जाना है। हालांकि कब उनका मन बदल जाए यह भी कोई नहीं जानता है।

# द्रोपदी मुर्मू की दरियादिली को प्रणाम

**@ राकेश अचल**



राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू की दरियादिली को प्रणाम। उन्होंने नव नियुक्त प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी को शपथ ग्रहण से पहले दही-चीनी खिलाकर उनका स्वागत किया। ये काम राष्ट्रपति भवन में पहली बार हुआ है। इसे आगे भी जारी रहना चाहिए। दुनिया जानती है कि शगुन और अशगुन के बारे में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं जानतीं हैं और उनका ख्याल भी रखतीं है। राष्ट्रपति ने पिछले दो साल में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किये गए अपमान को खामोशी के साथ पिया लेकिन उफ तक नहीं की। और जब मौका आया तब भी अपने ममत्व पर अदावत को हावी नहीं होने दिया।

निस्संदेह द्रोपदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र भाई दामोदर दस मोदी की खोज थीं, लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति को राष्ट्रपति की तरह कभी सम्मान नहीं दिया। श्रीमती मुर्मू ने 25 जुलाई 2022 से लेकर अब तक अपमान के कितने घूँट पिए इसकी गिनती की जाये तो सूची बहुत लम्बी हो जाएगी। यदि उनकी जगह डॉ ज्ञानी जेल सिंह जैसा राष्ट्रपति होता तो प्रधानमंत्री को उनकी हैसियत दिखा देता, लेकिन द्रोपदी जी ने ये नहीं किया। द्रोपदी के सम्मान का चीर हर मौके पर खींचा जाता रहा। यदि देशवासियों को याद हो नयी संसद भवन के शिलान्यास का मौका, याद हो नयी संसद भवन के लोकार्पण का मौका और यदि याद हो हाल ही में पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को 'भारतरत्न' सौंपे जाने का मौका तो आप समझ जायेंगे कि मै अपनी बात पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर नहीं कह रहा बल्कि इसके जीवंत प्रमाण मौजूद हैं।

देश में ऐसा पहली बार हुआ जब कि राष्ट्रपति का राजनीतिक इस्तेमाल भी बेहयाई के साथ किया गया। आम चुनावों से पहले हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में और आम चुनावों में भी। राष्ट्रपति जी को देश के तमाम आदिवासी अंचलों में भाजपा के कायकर्ता की तरह भेजा गया।

श्रीमती द्रोपदी मुर्मू एक बार भी मना नहीं कर पायीं, हालाँकि उनकी इस उदारता या विवशता की वजह से राष्ट्रपति पद का सम्मान जरूर कम हुआ। मेरे इस उल्लेख से भक्त मण्डली मुझे पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल के कार्यकाल की याद जरूर दिलाएंगी, लेकिन मै स्पष्ट कर दूँ कि श्रीमती पाटिल का वैसा अपमान कभी नहीं किया गया जैसा की श्रीमती मुर्मू का हुआ।

मुझे जहाँ तक याद आता है कि प्रधानमंत्री रहते हुए हमारे होनहार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी अपनी असंख्य विदेश यात्राओं पर जाने या वापस लौटने के बाद एक बार भी शिष्टाचारवश राष्ट्रपति से भेंट करने नहीं गए। उनकी ऐसी कम ही तस्वीरें उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने जनधन से जितनी दुनिया घूमीं उसका दसांश भी राष्ट्रपति जी के हिस्से में नहीं आया। लेकिन मैडम मुर्मू ने उफ तक नहीं की। भारत का सौभाग्य है कि उसे श्रीमती मुर्मू जैसी सहनशील और ममत्व से भरी राष्ट्रपति हासिल हुई। इसके लिए नादामो का धन्यवाद जरूर किया जा सकता है।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू एक पारिवारिक और संस्कारित महिला है। वे जानतीं है कि खुशी के मौके पर नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी को दही-चीनी खिलने वाला दुनिया में कोई नहीं बचा। उनकी माँ का भी स्वर्गवास हो चुका है। पत्नी को वे त्याग चुके हैं। भाई-भाभियों से उनके रिश्ते मधुर नहीं हैं। ऐसे में नादामो निराश हो सकते हैं, इसलिए मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन की तमाम स्थापित परम्पराओं को ताक पर रखते हुए नए प्रधानमंत्री को दही-चीनी खिलाकर एक शुभ कार्य किया। अब तक नए प्रधानमंत्री को केवल गुलदस्ते देने का चलन था। मुर्मू के हाथों दही-चीनी खाते हुए माननीय मोदी जी को कैसा अनुभव हुआ, ये तो हमें नहीं पता लेकिन हमें अपने बचपन में दही-चीनी, दही -पड़े खाने की तमाम घटनाएं याद हैं।

दही-चीनी परंपरा हुआ करती थी। जब भी कोई अच्छे काम के लिए बाहर जाता, नानी-दादी या मां उसे दही-चीनी खलिाया करती थीं। हमें तो परीक्षा में जाने से पहले उन्हें दही-चीनी खलिाया जाता था। लोगों में ऐसी मान्यता थी कि किसी भी शुभ कार्य से पहले दही-चीनी का सेवन शुभ होता है। आपको बता दें की दही-चीन का रिश्ता ठीक चोली-दामन जैसा है। दही-चीनी का धार्मिक महत्व भी है और वैज्ञानिक महत्व भी।

राष्ट्रपति जी द्वारा नए प्र्धानमंत्र को दही -चीनी खिलाने की घटना के बहाने आपको बता दें कि ये समिश्रण शुभता का प्रतीक है। दही और चीनी दोनों को शुभ माना जाता है। दही को पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक माना जाता है, जबकि चीनी मधुरता और सफलता का प्रतीक है।

ज्योतिष शास्त्र में, दही चंद्रमा और चीनी शुक्र ग्रह से संबंधित है। शुभ कार्य से पहले इन ग्रहों का अनुकूल प्रभाव प्राप्त करने के लिए दही-चीनी खाई जाती है। हिंदू धर्म के कई धार्मिक ग्रंथों में दही-चीनी का महत्व बताया गया है। उदाहरण के लिए, स्कंद पुराण में कहा गया है कि "शुभ कार्य से पहले दही-चीनी खाने से कार्य में सफलता मिलती है।" ये लक्ष्मी और गणेश का प्रिय प्रसाद भी माना जाता है।

हमारे गांव के वैद्य जी कहते थे कि दही और चीनी दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। दही में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन होते हैं, जबकि चीनी ऊर्जा प्रदान करती है।

शुभ कार्य से पहले इन पोषक तत्वों से शरीर को ऊर्जा और शक्ति मिलती है। दही पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। शुभ कार्य से पहले दही-चीनी खाने से पेट हल्का रहता है और कार्य करने में आसानी होती है।

दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। शुभ कार्य से पहले दही-चीनी खाने से शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद मिलती है।

हमारे चिकत्स्क स्वर्गीय अष्ठाना जी कहते थे कि दही-चीनी खाने से मन शांत और एकाग्र होता है, जिससे कार्य करने में सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती है। दही-चीनी खाने से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वह कार्य को बेहतर तरीके से कर पाता है । दही-चीनी खाने से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है सो अलग, जिससे वह कार्य को उत्साह और जोश के साथ कर पाता है। राष्ट्रपति जी भली भांति जानतीं है कि माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जिन परिस्थितियों में प्र्धानमंत्री का पद सम्हलने जा रहे हैं उन हालात में उनके लिए दही-चीनी कितना जरूरी है ! उम्मीद की जानी चाहिए कि माननीय मोदी जी के भीतर भरा विष- रस इस दही-चीनी से समाप्त नहीं तो कम से कम थोड़ा क्षीण तो होगा ही। वे अदावत की राजनीती से सद्भाव की राजनीति की और अग्रसर होंगे।

हमारी भी कामना है कि वे बैशाखियों पर खड़े होकर सरकार चलाएं या किसी और तरीके से लेकिन अपने तीसरे कार्यकालमें 'आपरेशन लोटस' या 'ऑपरेशन झाड़ू' न चलाएं। ईडी, सीबीआई को तोता-मैना न बनायें। संवैधानिक संस्थाओं के मान-मयार्दा का ख्याल रखें। न्यायपालिका की सुने उसे सम्मान दें और कम से कम राष्ट्रपति जी का पूरा-पूरा सम्मान करें। वे जब खड़ीं हों तो उनके सामने खड़े रहें, बैठें नहीं। उन्हें शिलान्यास और लोकार्पण समारोहों में उतना ही महत्व दें जितना की एक राष्ट्रपति को मिलना चाहिये। राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में दखल बिलकुल न करें तो और बेहतर है।

# पक्षियों के संरक्षण की जरूरत

**– बाबा मायाराम**

पक्षी हमारे लिए कई तरह से उपयोगी हैं। उनका संरक्षण बहुत जरूरी है। मेनार गांव जैसी पहल अब और भी जगहों पर चल रही हैं। पक्षी अभयारण्य, वन्य जीव अभयारण्यों में इनके संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। पक्षियों के प्रति पर्यटकों का भी रूझान बढ़ा है। पक्षी अवलोकन भी बढ़ा है। लेकिन इस तरह की पहलों की और भी जरूरत है। पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता है।

पक्षी हमारे आसपास चारों तरफ हैं। गांव, शहर, जंगल, नदी और तालाब के आसपास, सभी जगह पक्षी देखे जा सकते हैं। लेकिन कुछ सालों से देखने में आया है कि कई कारणों से पक्षी संकट में हैं, कुछ तो विलुप्ति के कगार पर हैं। आज इस कॉलम में पक्षी और मनुष्य का रिश्ता क्या है, पर्यावरण में उनका योगदान क्या है, उनके संरक्षण की जरूरत क्यों है, इस पर बातचीत करना चाहूंगा। छुटपन में हम देखते थे कि चिड़ियों की चहचहाहट से सुबह नींद खुलती थी। पेड़ों पर उनका कलरव होता था। गोरैया आंगन में दाना चुगने के लिए आती थीं। इधर-उधर उड़ती रहती थीं। कच्चे घरों में भी चिड़ियाएं घोंसला बनाया करती थीं। घर,गांव व नदियों के आसपास गिद्ध मंडराया करते थे। हम देखते थे कि किसान अनाजों की बालियां पक्षियों के लिए पेड़ों पर टांग देते थे। सार्वजनिक स्थानों पर और पेड़ों पर पानी पीने के लिए सकोरे टांग दिए जाते थे। कुएं के मुंडेरों पर पक्षी पानी पीते दिखते थे। उनकी मौजूदगी वातावरण को खुशनुमा बनाती थी। पक्षियों के बारे में कई कहानियां व गीत हैं। लोककथाएं हैं। संस्कृति और इतिहास में पक्षियों का उल्लेख है। सिनेमा में भी पक्षियों के कारनामे दिखाए जाते रहे हैं। पक्षियों की कई मूर्तियां भी हैं। छत्तीसगढ़ में सुआ नाच व मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में पड़की नृत्य भी प्रचलन में हैं। हमारे देश में काफी विविधता पाई जाती है, क्योंकि यह गर्म जलवायु वाला देश है। अधिक विविधता गर्म जलवायु वाले देशों में पाई जाती है। ठंडे जलवायु वाले देशों में कम विविधता पाई जाती है। इस तरह, यहां पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां हैं। वे रंग-बिरंगे होते हैं। इन्हें देखना रोमांचक होता है, इनका गीत बहुत मधुर होता है। कई आकार के होते हैं और इनका गान व व्यवहार भी अलग-अलग होता है। पक्षियों की दुनिया अलग है। मोटे तौर कह सकते हैं कि जो उड़ते हैं, वे पक्षी कहलाते हैं, उनके पंख होते हैं। ऐसा भी दिखाई देता है कि सभी पक्षी एक जैसे होते हैं- वे उड़ते हैं, घोंसला बनाते हैं, अंडे देते हैं। लेकिन बारीकी से देखने पर इनमें काफी भिन्नता है। इन पक्षियों के अलग-अलग आवास स्थल होते हैं। जलवायु के अनुकूल ये अपने अपने आवास स्थल बनाते हैं। कोई रेगिस्तान में पाया जाता है, तो कोई बफीर्ले पहाड़ों पर, कोई नदियों के किनारे तो, कोई समंदर के आसपास आशियाना बनाते है। रंग, रूप, और आवाज, और व्यवहार भी अलग-अलग होता है। ऐसे पक्षी भी होते हैं, जो हजारों किलोमीटर दूर देशों से आते हैं, इन्हें प्रवासी पक्षी कहा जाता है। पेड़-पौधों के पुनर्जनन में, परागीकरण में, खाद्य श्रृंखला में, फसलों के कीट नियंत्रण में पक्षियों का योगदान अहम है। जंगल को बढ़ाने के लिए भी पक्षियों का योगदान है। कई पेड़ों के बीज पक्षी खाते हैं और उनकी विष्ठा के माध्यम से ये बीज मिट्टी में मिल जाते हैं, जब नमी मिलती है, तब अंकुरित हो जाते हैं। इस तरह नया पेड़ बनता है। पक्षियों की विष्ठा खेतों को उर्वर बनाती है। कौआ, चील और गिद्ध अच्छे सफाईकर्मी की तरह काम करते हैं। पक्षी भी हमारी तरह प्रकृति का हिस्सा हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में पक्षियों पर कई तरह से खतरा मंडरा रहा है। कई पक्षी विलुप्ति के कगार पर है। कुछ दशकों से पर्यावरण को शुद्ध करने वाले गिद्ध अब नहीं दिखते। घर-आंगन में फुदकने वाली गोरैया भी अब कम दिखती है। तोते भी कम दिखते हैं। प्रकृति के साथ मानवीय छेड़छाड़ के कारण पक्षियों को नुकसान पहुंचता है। मध्यप्रदेश के जिस इलाके में मैं रहता हूं वहां गेहूं के डंठल खेत साफ कराने का चलन बढ़ गया है जिससे सभी तरह से नुकसान है। खेतों में ठंडलों के साथ पेड़-पौधे व छोटे-मोटे जीव जंतु जल जाते हैं। पेड़ पर ही पक्षी रहते हैं, अगर पेड़ नहीं रहेंगे तो वे कहां रहेंगे। इसी प्रकार, रासायनिक खेती के कारण कई बार पक्षियों के मरने की खबरें आती रहती हैं।

# शेयर बाजार में हुए खिलवाड़ का सच

मंगलवार, 4 जून को जब 18वीं लोकसभा के लिए चुनावों के नतीजे आए, तो इंडिया गठबंधन के शानदार प्रदर्शन से यह राहत मिली कि लोकतंत्र और संविधान बच गया, लेकिन वहीं शेयर बाजार के निवेशकों के लिए यह दिन राहत की जगह आफत की खबर लेकर आया। एक्जिट पोल आने के बाद शेयर बाजार में जो उछाल देखने मिला था, वह नतीजों के आने की शुरूआत के साथ ही बुलबुले की तरह फूट गया। मंगलवार को निवेशकों के एक कारोबारी सत्र में ही 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। जाहिर है ये निवेशकों की जेब से निकल कर किन्हीं बड़े खिलाड़ियों की जेब में ही गए होंगे। क्योंकि लाखों करोड़ रूपए हवा में गायब नहीं हुए, एक के खाते से निकल कर दूसरे के खाते में गए। अब सवाल यही है कि वो कौन से खिलाड़ी हैं, जिन्हें शेयर बाजार में इस उछाल और गिरावट का फायदा मिला। और किस तरह इन लोगों को बाजार में होने वाली इस हलचल की पहले से ही खबर थी।



चुनावों के पहले चरण के बाद से ही शेयर बाजार मे गिरावट का सिलसिला देखा जा रहा था और तब से ही कयास लगने लगे थे कि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल नहीं होगा। इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनादेश जा सकता है। क्योंकि सत्ता परिवर्तन की आहट शेयर बाजार को पहले लग जाती है। खबरें थीं कि मई माह में विदेशी निवेशकों ने बड़ी मात्रा में अपने निवेश वापस ले लिए थे, इसका नुकसान भारतीय शेयर बाजार को हुआ। लेकिन फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बयानों में शेयर बाजार को लेकर भविष्यवाणियां की। नरेन्द्र मोदी ने साफ तौर पर कहा था कि 4 जून को शेयर बाजार में उछाल आएगा, वहीं अमित शाह ने भी कहा था कि निवेशकों को स्टॉक खरीद लेने चाहिए क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि 4 जून को बाजार चढ़ेगा।

याद नहीं पड़ता कि इस देश के किसी प्रधानमंत्री या गृहमंत्री ने इससे पहले इस तरह चुनावों के बीच में और खासकर परिणाम आने वाले दिन से पहले शेयर बाजार के निवेशकों को कोई सलाह दी हो। पूर्ववर्ती मोदी सरकार के अनेक अनैतिक कामों में अब इसे भी जोड़ लेना चाहिए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का काम सरकार चलाना, देश की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाना है। उन्हें शेयर बाजार का खिलाड़ी नहीं बनना चाहिए था। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें इस खेल में किसी सोची-समझी रणनीति के तहत शामिल किया गया। भाजपा के कमजोर प्रदर्शन को देखते हुए यह आशंकाएं जतलाई जा रही थीं कि शायद भाजपा फिर सत्ता में न लौट पाए। ऐसे में सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे उद्योगपतियों को भावी नुकसान नजर आने लगा था और शायद उन्हीं के इशारों पर शेयर बाजार का ऐसा खेल चुनाव के बीच में खेला गया, जिसमें लाखों करोड़ डूब गए और देश एक जबरदस्त आर्थिक घोटाले का शिकार हो गया।

चुनाव शुरू होने के पहले ही इलेक्टोरल बॉन्ड का घोटाला सामने आया था, जिसका पूरा सच अब तक सामने नहीं आ पाया है और दोषी अब भी मजे में हैं। पीएम केयर्स फंड में किस तरह से, कितना धन आया है, यह तो मोदी सरकार ने पता लगने ही नहीं दिया। कृषि बिल, अग्निवीर योजना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, चीन की घुसपैठ, पुलवामा हमला, वैक्सीन से होने वाली मौतें ऐसी कई बातों का सच अभी सामने नहीं आया है कि आखिर किस नीयत से मोदी सरकार ने इन फैसलों को लिया या जो घटनाएं हुईं, उनकी हकीकत क्या है। और अब एक नया शेयर बाजार का घोटाला भी सामने आ गया है। 1 जून को एक्जिट पोल के आते ही जिस तरह शेयर बाजार चढ़ा था, तब से कांग्रेस इसे लेकर सवाल उठा रही थी और जब नतीजे आए तो अपने एक्जिट पोल में एनडीए को भारी बहुमत देने वाली एक सर्वे एजेंसी के मुखिया को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने खरी-खरी बात कही थी कि उनके आकाओं के कारण देश के आम आदमी को इतना नुकसान हुआ है। पवन खेड़ा ने इसे सीधे देशद्रोह कहा था। वहीं अब राहुल गांधी ने भी एक प्रेस कांफ्रेंस कर शेयर बाजार के इस घोटाले पर कड़े सवाल उठाए हैं।

राहुल गांधी ने तीन महत्वपूर्ण सवाल किए हैं- पहला, प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया

दूसरा, दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अडानी समूह के चैनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए।

तीसरा, मोदी जी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं। इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि हम इस पूरे मामले में संसदीय समिति से जांच की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था।

राहुल गांधी ने झूठे एक्जिट पोल, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की शेयर बाजार को लेकर दी गई सलाह, भाजपा की आंतरिक सर्वे रिपोर्ट, जिसमें उसे सीटें कम आ रही हैं और फिर नतीजों के बाद शेयर बाजार के धराशायी होने की पूरी क्रोनोलॉजी अपनी प्रेस कांफ्रेंस में समझाई। ठीक इसी तरह राहुल गांधी पहले भी नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना लॉकडाउन, वैक्सीनेशन, कृषि कानून, अग्निवीर योजना, जाति जनगणना, आरक्षण को लेकर भाजपा की सोच, इन सबका खुलासा जनता के बीच करते रहे।

# चुनाव बाद थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने फरियादियों की भूमि विवाद बाबत मामलों को सुना। उन्होंने पुलिस व राजस्व को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना रैपुरा व थाना मऊ-बरगढ़ में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामले संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारित करें। इस मौके पर रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, थाना मऊ प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय व राजस्व तथा पुलिस के लोग मौजूद रहे।

राजापुर थाने में समाधान दिवस में प्रभारी एसडीएम फूल सिंह व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।



कर्वी कोतवाली में फरियादियों को सुनते डीएम-एसपी।

## पांच वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, युवक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पांच साल की बच्ची से युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। कुछ ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही आरोपी भाग निकला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया।

ये घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र की है। बताया गया कि शुक्रवार की शाम पांच वर्षीय पुत्री को गांव का युवक चाकलेट देने के बहाने फुसलाकर सूनसान स्थान पर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकला। आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संयुक्त आवागमन गैलरी में दबंग कर रहा कब्जा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के ओवरब्रिज के नीचे कुबेरगंज के जुग्गीलाल गुप्ता पुत्र अयोध्या प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि वह गरीब आदमी है। उसके घर की संयुक्त गैलरी पर दबंग किस्म के लोग अवैध कब्जा कर रास्ता अवरुद्ध कर रहे हैं।

शनिवार को पीडित जुग्गीलाल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में बताया कि कर्वी नगर पालिका कुबेरगंज में ओवरब्रिज के नीचे उसका घर है। संयुक्त परिवार के बीच बंटवारा हो चुका हैं। बंटवारे में सभी के आवागमन को सात फुट की गैलरी छोडी गई है। कुछ हिस्से को हिस्सेदार रामनारायण व छोटेलाल ने बेंच दिया है। खरीद्दार रामनारायण जायसवाल व जुग्गीलाल जायसवाल जबरियां गैलरी पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। निर्माण सामग्री एकत्र कर लिए हैं। पीडित ने दीवानी न्यायालय में मामला भी दायर कर रखा है। इसके बाद भी खरीद्दार जबरियां निर्माण कर विवाद पैदा कर रहे हैं। कोई अप्रिय घटना न हो जाये। पीडित ने झगडा-बवाल बचाने को निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।



संयुक्त आवागमन की गैलरी।

## मऊ पुलिस ने खोया मोबाइल स्वामी के किया सुपुर्द

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में मऊ पुलिस ने खोये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि तीन जून को नीलचंद पुत्र लालचंद्र अहिरी ने थाने में मोबाइल खोने बाबत पोर्टल पर शिकायत की थी। मऊ पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन लेकर मऊ में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर अर्जुन यादव, मुंशी जितेन्द्र प्रताप व महिला सिपाही शिवानी यादव ने प्रयास कर आज मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी को थाने बुलाकर सुपुर्द किया। मोबाइल पाकर उसके चेहरे पर मुस्कान खिल गई। पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।



पुलिस गिरफ्त में बालू चोर।

## अवैध बालू खनन में रंगेहाथ दो दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध खनन/ढुलान पर रोक लगाने को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने जांच दौरान गड़ौली गांव से ट्रैक्टर ट्राली से अवैध बालू लादकर ढुलान करते चालक रामकृष्ण द्विवेदी उर्फ चुन्नू पुत्र शिवसेवक द्विवेदी व धनन्जय द्विवेदी उर्फ मुन्ना पुत्र शिवसेवक द्विवेदी को गिरफ्तार किया। ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया। अवैध खनन पर चोरी-माल बरामद, खनिज अधिनियम व लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही शक्ति सिंह व राहुल पुरी शामिल रहे।

# महाप्रबंधक ने ग्राहकों से मांगे सुझाव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय कार्यालय चित्रकूट में आर्यावर्त बैंक के महाप्रबंधक रणधीर कुमार ने चित्रकूट परिक्षेत्र की सरैंया शाखा के नये भवन का शुभारम्भ किया।

शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार व सरैंया शाखा प्रबंधक अजीत कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय के ऋण विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक वैभव वर्मा, वसूली विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अमित चंद्र, क्षेत्रीय कार्यालय के पीएमआईएस विभाग के अंशुल गुप्ता, प्रशासन एवं सेवायें विभाग के प्रभात कुमार शुक्ला की मौजूदगी में महाप्रबंधक ने सरैंया शाखा के अच्छे ग्राहकों को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के लाभार्थियों को दो लाख के चेक दिये। महाप्रबंधक ने शाखा के अच्छे ग्राहकों को आर्यावर्त बैंक की ऋण बाबत योजनाओं की जानकारी दी। लोगों से बैंक व्यवसाय बढ़ाने को सुझाव मांगे।



नई शाखा का शुभारम्भ करते आर्यावर्त बैंक महाप्रबंधक।

## एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा शिवसागर दुबे ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के वारंटी छोटू सिंह पुत्र गनपत सिंह खजुरिया कला को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा शिवसागर दुबे व सिपाही अंकित शुक्ला शामिल रहे।

## दुष्कर्म वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के विकास सिंह पुत्र स्व नरेन्द्र सिंह गढचपा को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह, चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, सिपाही जलील अहमद, मनोज कुमार शामिल रहे।

## आज आयेंगी वंदना बरनवाल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** हरिद्वार पतंजलि योग पीठ से योग प्रशिक्षित राज्य प्रभारी श्रीमती वंदना बरनवाल का आगमन रविवार को जिले में हो रहा है। शनिवार को महिला पतंजलि योग समिति की मीडिया प्रभारी मनीषा केसरवानी ने बताया कि वंदना जिले में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर लगायेंगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी भी करायेंगी। भारत स्वाभिमान की महामंत्री मीरा श्रीवास्तव ने बताया कि ये शिविर नौ जून को तुलसी पार्क व दस जून को अटल पार्क व 11 जून को चित्रकूट इंटर कॉलेज में सवेरे पांच से सात बजे तक निःशुल्क लगेगा। जिले के सभी भाई-बहन इस निःशुल्क योग शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## पुलिस ने गैंगेस्टर वांछित को दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव की टीम ने गैंगेस्टर एक्ट थाना मऊ के वांछित मोहम्मद अकरम पुत्र इबरार अहमद निवासी सकूहाबाद थाना लीलापुर जिला प्रतापगढ को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, दीवान नियाज राईन, सिपाही गजेन्द्र सिंह शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने की पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर शान्ति व सुरक्षा को मजबूत करने की गरज से थाना/चैकी प्रभारियों ने क्षेत्र के मिश्रित आबादी व भीड़भाड़ के स्थानों पर पैदल गस्त किया।

शुक्रवार की रात पुलिस की टीमों ने दुकानदारों, व्यापारियों व एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गस्त दौरान पुलिस टीम ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। इस दौरान दो व चारपहिया वाहनों की भी जांच की गई।

# देर रात डीजे बन्द करने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला

## रौलीकल्याणपुर गांव का मामला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के रौलीकल्याणपुर गांव में डीजे की धुन पर बर्थडे पार्टी पर लोग नाच रहे थे। पुलिस के पहुंचने पर सन्नाटा छा गया। पुलिस ने देर रात डीजे बंद करने को कहा तो ग्रामीणों ने सवाल-जवाब शुरू कर दिये। इसे लेकर बवाल हो गया। पुलिस ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मुजहमत की ये घटना भरतकूप थाने के रौलीकल्याणपुर गांव में शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि देर रात डीजे बंद कराने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला बोल दिया। एसओ समेत छह पुलिस कर्मी घायल हो गये। ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ियों पर पथराव कर तोड़फोड़ की। पुलिस ने 18 नामजद व 15 से 20 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक सात पुरुष व छह महिलायें गिरफ्तार हो चुके हैं। रौलीकल्याणपुर गांव में एक घर में बर्थडे पार्टी चल रही थी। डीजे बजने से किसी ग्रामीण ने डायल 112 पर शिकायत कर दी। 112 पुलिस डीजे बंद कराने पहुंची तो ग्रामीण शिकायत करने वाले का नाम पूंछने लगे। पुलिस से अभद्रता करने लगे। पुलिस ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर भरतकूप थाना पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने के प्रयास किये। ग्रामीण शिकायत करने वाले ग्रामीण का नाम बताने को लेकर अडी रही। इसे लेकर ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों से अभद्रता शुरू कर दी। विवाद इस कदर बढ गया कि ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया। भरतकूप थाने के एसओ प्रवीण सिंह समेत छह पुलिस कर्मी घायल हो गये। दो पुलिस कर्मियों को गंभीर चोटे आई, जिन्हें इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने 18 नामजद व 15-20 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर सात पुरुष व छह महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। बाकी आरोपियों की धरपकड़ शुरू है।

ग्रामीणों ने भी पुलिस पर जबरन घर में घुसकर डीजे बंद कराने को लेकर पैसे मांगने का आरोप लगाया। पैसा न देने पर मारपीट का आरोप लगाया। मामले में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वाले 13 लोगों को हिरासत में लिया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उनके खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।



घटना के बारे में बताते एसपी व टूटी पुलिस की गाडी।

# उलाहना देने पर किसान को दबंगों ने दौड़ाया

## तोड़ डाला बिजली का खम्भा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के इटवां गांव के मजरा चिचुराहा पुरवा में किसान दिलीप सिंह पुत्र कल्पनाथ ने थाने समेत विद्युत अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि बीती रात मजरे के मनोज कुमार व रमेश पुत्र शिवरतन लोध तथा रोहित कुमार पुत्र रामकिशुन ने आवारा जानवरों को खेतों की ओर तरफ छोड़ दिया। उनके खेतों में हरी सब्जियों को जानवरों ने नष्ट कर दिया। उलाहना देने गये तो दबंगों ने गाली-गलौज कर दौड़ा लिया। इतने से मन नहीं भरा तो दबंगों ने गुस्से में उनके ट्यूबवेल तक आने वाली 11 हजार वोल्ट तार के खम्भे तोड़ डाले।

ये मामला है शुक्रवार की रात का। बताया गया कि पीड़ित ने दबंगों पर आरोप लगाया कि इनके परिवार के शिवशेखन पावर हाउस बोड़ीपोखरी में विद्युत अपरेटर पद पर कार्य करते हैं, जो परिजन रोहित पुत्र रामकिशुन व शिवरतन पुत्र ब्लाथू लोध की घर के अंदर लगी आटा चक्की व बोर चोरी से चलवाते हैं। विद्युत चोरी के मामले की जानकारी लाइनमैन को है। सब पैसों की सांठगांठ से कोई कार्यवाही नहीं करते। आज तक कोई जांच भी नहीं हुई। पीड़ित ने कहा कि बोड़ीपोखरी में तैनात विद्युत अपरेटर की पहुंच विभागीय अधिकारियों तक है। मजरे में कई अवैध बोर चोरी से चलते हैं। सवाल है कि गांव-गांव विद्युत कर्मचारियों के साथ सचल दस्ता इन मजरों में क्यों नहीं जाते। लगातार शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है।



टूटा पडा खम्भा।

# अकारण विवेचनायें न रखें लम्बितः सीओ

## राजापुर में अर्दली रूम करती सीओ।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार की मौजूदगी में थाना राजापुर के विवेचकों का अर्दली रुम कर लम्बित विवेचनाओं बाबत वार्ता की। विवेचना लम्बित रखने के कारण पूंछे। जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को सीओ राजापुर ने विवेचकों से पूंछा कि विवेचनायें लम्बित क्यों हैं। समय से निस्तारण क्यों नहीं किया। चेताया कि विवेचनाओं को समय से निस्तारित कर जल्द आख्या दें। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त शिकायती पत्रों एवं आईजीआरएस के पत्रों की जांच समय से कर आख्या भेजते रहें। अकारण कोई प्रार्थना पत्र लम्बित न रखें।



राजापुर में अर्दली रूम करती सीओ।

## पुलिस हिरासत से हमलावर फरार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** हवालात ड्यूटी कर घर लौट रहे सिपाही पर जानलेवा हमले के आरोपी रवि पांडे पुलिस हिरासत से फरार हो गया है। ज्ञात है कि शुक्रवार को मुख्यालय के धनुष चैराहे में सिपाही पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी को पकड़ कर बाकी आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस की लापरवाही से मौका पाकर रवि पाण्डेय पुलिस हिरासत से फरार हो गया। कल तीन बाइक सवारों ने सिपाही पर पथराव किया था।

# बाइडेन ने अपने बेटे हंटर के केस में दिया बड़ा बयान, कहा- दोषी पाये गये तो नहीं करेंगे माफ

**वाशिंगटनः** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे के केस को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि यदि हंटर बाइडेन को संघीय आपराधिक बंदूक रखने के आरोपों में दोषी पाये जाते हैं कि बाइडेन उन्हें माफ नहीं करेंगे. सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, एबीसी के डेविड मुइर ने उनसे सवाल किया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति हंटर बाइडेन को माफ करने से इनकार करेंगे जवाब में राष्ट्रपति ने कहा कि हां.



उन्होंने यह भी पुष्टि की कि वे ट्रायल के परिणाम को स्वीकार करेंगे. बता दें कि जो वर्तमान में हंटर बाइडेन के खिलाफ एक मामला डेलावेयर की एक कोर्ट में चल रहा है. सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अदालत की कार्यवाही बाइडेन परिवार के लिए एक दर्दनाक क्षण की जांच कर रही है, क्योंकि हंटर अपने भाई ब्यू की मृत्यु के बाद नशीली दवाओं की लत से जूझ रहा था. फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन डी-डे स्मरणोत्सव गतिविधियों के लिए अपने पति के साथ फ्रांस जाने से पहले ट्रायल में शामिल हुईं.

इससे पहले भी सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में व्हाइट हाउस ने कहा था कि बाइडेन अपने बेटे को माफ नहीं करेंगे. प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने दिसंबर में कहा कि मैं बहुत स्पष्ट हूं; राष्ट्रपति अपने बेटे को माफ नहीं करेंगे. उल्लेखनीय रूप से, राष्ट्रपति के बेटे पर नशीली दवाओं के लत के दौरान अवैध रूप से बंदूक खरीदने और रखने का आरोप है.

यह अमेरिका के संघीय कानून का उल्लंघन है. हालांकि, उसने तीनों आरोपों में खुद को दोषी नहीं ठहराया, हालांकि वह शराब और क्रैक कोकीन की लत से अपने संघर्ष के बारे में खुलकर बात करता रहा है. सीएनएन के मुताबिक, विशेष वकील डेविड वीस ने ये आरोप लगाए हैं.

अमेरिकी इतिहास में पहली बार, किसी मौजूदा राष्ट्रपति के बच्चे पर मुकदमा चलाया जा रहा है. बाइडेन ने पहले अपने बेटे के लिए समर्थन व्यक्त किया है और कहा है कि उन्हें हंटर के नशे की लत से उबरने पर गर्व है. राष्ट्रपति ने मुकदमे के शुरू होने पर एक बयान में कहा कि मैं राष्ट्रपति हूं, लेकिन मैं एक पिता भी हूं. जिल और मैं अपने बेटे से प्यार करते हैं, और हमें उस व्यक्ति पर बहुत गर्व है जो वह आज है.

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में हंटर की दृढ़ता और उसके ठीक होने में आई ताकत हमारे लिए प्रेरणादायी है. बहुत से परिवारों के प्रियजन ऐसे हैं जिन्होंने नशे की लत पर काबू पा लिया है और वे जानते हैं कि हमारा क्या मतलब है. अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में, मैं लंबित संघीय मामलों पर टिप्पणी नहीं करता और न ही करूंगा,

लेकिन एक पिता के रूप में, मुझे अपने बेटे से असीम प्यार है, उस पर भरोसा है और उसकी ताकत के लिए सम्मान है. हमारे परिवार ने एक साथ बहुत कुछ सहा है. जिल और मैं अपने प्यार और समर्थन के साथ हंटर और हमारे परिवार के लिए वहां रहना जारी रखेंगे।

# डेनमार्क की प्रधानमंत्री घर से कुछ ही दूर हुए एक व्यक्ति के हमले से स्तब्ध -

**स्टॉकहोम** : डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार शाम कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने हमला कर दिया. फ्रेडरिक्सन के घर से कुछ ही दूर हुए इस हमले से प्रधानमंत्री "स्तब्ध" रह गईं. कोपेनहेगन पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है, लेकिन इस पर और जानकारी देने से इनकार कर दिया. बीबीसी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के हवाले से कहा, "शुक्रवार शाम को कोपेनहेगन के कुल्टोरवेट में प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर एक व्यक्ति ने हमला किया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया. प्रधानमंत्री इस घटना से स्तब्ध हैं.प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक आदमी विपरीत दिशा से आया और प्रधानमंत्री के कंधे पर जोर से धक्का मारा, जिससे वह गिर गई, लेकिन वो जमीन पर नहीं गिरी. घटना के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया. हालांकि, उसकी पहचान और हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है. यह हमला डेनमार्क में यूरोपीय संघ के चुनाव के लिए मतदान से दो दिन पहले हुआ है.



फ्रेडरिक्सन (46) चार साल पहले सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स की नेता के रूप में पदभार संभालने के बाद 2019 में प्रधानमंत्री बनीं. इस तरह वह डेनिश इतिहास की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बन गईं.

**डेनमार्क प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हमला**

यूरोपीय आयोग की प्रमुख उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने इस हमले को "घृणित कृत्य" बताया है. यूरोपीय परिषद के प्रेसिडेंट चार्ल्स मिशेल ने एक्स पर कहा, "मैं इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं." स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन और विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने भी हमले की निंदा की है. पिछले ही महीने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को गोली मारी गई थी, हालांकि वो बच गए. इसके अलावा, जर्मनी में चुनाव प्रचार के दौरान पिछले महीने सोशल डेमोक्रेट नेता एमईपी मैथियास की पिटाई की गई थी।

## हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों को बंदी बनाया

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र के यमन में तैनात नौ कर्मियों समेत कई लोगों को हूती विद्रोहियों ने बंदी बना लिया है। बंदी बनाए गए सभी कर्मी यमन मूल के हैं। हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को किन परिस्थितियों में बंदी बनाया गया, उन्हें कहां रखा गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। यमन के बड़े इलाके पर कब्जा किए हूती विद्रोही गाजा में इजराइली हमले के विरोध में बीते सात महीनों से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमले कर रहे हैं।

अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाला गठबंधन भी इन हमलों को रोक पाने में सफल नहीं हो पाया है लेकिन इस दौरान अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने यमन में हूती के कब्जे वाले इलाकों पर लगातार हमले किए हैं, उसके ठिकानों पर प्रहार किया। माना जा रहा है कि इस कारण आर्थिक तंगी महसूस कर रहे हूती ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमला कर दबाव बनाने की कोशिश की है।

इससे कुछ दिनों पहले ही हूती के कथित न्यायालय ने सऊदी अरब समर्थक 44 लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। संयुक्त राष्ट्र के जो कर्मी बंदी बनाए गए हैं, उनमें मानवाधिकार परिषद, विकास कार्यक्रम और खाद्य कार्यक्रम से जुड़े थे। एक विशेष दूत को भी बंदी बनाया गया है। बंदियों में एक महिला भी शामिल है लेकिन संयुक्त राष्ट्र की तरफ से इस घटनाक्रम पर कोई बयान सामने नहीं आया है।

हूती ने अपने कब्जे वाले चार प्रांतों-अमरान, होदेदा, सादा और सना में तैनात कर्मियों को बंदी बनाया है।

## रोमानिया में एक दुकान में विस्फोट, कम से कम 15 लोग घायल

**बुखारेस्ट।** पूर्वोत्तर रोमानिया में शुक्रवार को एक दुकान में हुए विस्फोट में कम से कम 15 लोग घायल हो गए जिनमें से चार की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि सुसेवा काउंटी के बोटोसानी कस्बे में घटनास्थल पर एक सचल गहन चिकित्सा इकाई भेजी गई है। उन्होंने कहा कि सात लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर है जबकि आठ को शहर के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

आपातकालीन हेलीकॉप्टरों को सतर्क कर दिया गया तथा आग बुझाने के लिए दो एम्बुलेंस और दो दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। दुकान के अंदर तलाश और बचाव अभियान चल रहा है। विस्फोट का कारण क्या था और घायलों की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## नई सरकार बनते ही एलन मस्क भारत में करेंगे बड़ा इन्वेस्टमेंट, पीएम मोदी को दी बधाई -

**नई दिल्ली** : 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ लेने वाले हैं. शपथ ग्रहण कार्यक्रम से पहले लगातार देश विदेश से पीएम मोदी को बधाइयां



मिल रही है. नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं. इस बीच टेस्ला और स्पेसएक्स के उएड एलन मस्क ने भी पीएम मोदी को सोशल मीडिया एक्स के जरिए अपना शुभकामना मैसेज भेजा.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देने के लिए एलन मस्क को धन्यवाद दिया है. उन्होंने कहा कि भारत के टैलेंटेड युवा और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति सभी बिजनेस पार्टनर्स के लिए सुरक्षित कारोबारी एनवायरनमेंट क्रिएट करेगी. अरबपति एलन मस्क ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को तीसरी बार फिर से देश की जनता के द्वारा चुने जाने पर बधाई दी थी. मस्क ने बताया कि उनकी कंपनियां जल्द ही भारत में इन्वेस्ट करने की सोच रही हैं.

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस, सैनिकों को करेगा प्रशिक्षित

**पेरिसः** फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा और उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करेगा. फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी मीडिया के प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही. मैक्रों ने गुरुवार शाम को कहा, 'हम एक नये सहयोग की शुरूआत करेंगे और मिराज 2000-5एस भेजेंगे.' समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि फ्रांसीसी नेता ने 4,500 सैनिकों की एक पूरी यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करने का भी वादा किया, जिसे युद्ध के मैदान में तैनात किया जाना है.



उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की डिलीवरी से "तनाव नहीं बढ़ेगा और वादा किया कि इनका इस्तेमाल नागरिकों पर बमबारी करने के लिए नहीं किया जाएगा. इसके अतिरिक्त, मैक्रों ने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया. मिराज 2000 एक फ्रांसीसी बहु-उद्देशीय, एक इंजन वाला चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसे दासो एविएशन द्वारा बनाया गया है. फरवरी के अंत में पेरिस में एक बैठक के दौरान, मैक्रों ने सुझाव दिया था कि यूरोपीय देशों को यूक्रेन में सैनिकों को भेजना चाहिए. लेकिन जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और इटली सहित कई अन्य यूरोपीय देश उनकी राय से सहमति नहीं हुए.

फरवरी में मैक्रों की टिप्पणियों के बाद, रूस ने चेतावनी दी कि यदि नाटो यूक्रेन में सैनिकों को भेजता है तो संगठन और रूस के बीच सीधा संघर्ष शुरू हो सकता है. इससे पहले गुरुवार को, मैक्रों ने डी-डे लैंडिंग की 80 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उत्तरी फ्रांस में नॉमर्डी के ओमाहा बीच पर एक समारोह की अध्यक्षता की।

# पाकिस्तान में सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री के सलाहकार का बेटा निकला डकैतों को हथियारों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सहयोगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के वन और वन्यजीव सलाहकार बबल खान भयो के पुत्र के खिलाफ पुलिस जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि बबल खान का बेटा अल्ताफ भयो कच्चा क्षेत्र (नदी क्षेत्र) में डकैतों को हथियारों की आपूर्ति करने वाले संदिग्धों के संपर्क में था। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज के इस खुलासे से सिंध की राजनीति में हलचल मच गई है।



एआरवाई न्यूज ने उपलब्ध पुलिस की जेआईटी रिपोर्ट के आधार पर यह खबर प्रसारित की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने कहा है कि अल्ताफ भयो ने संदिग्धों को अपने पिता के सुरक्षा प्रोटोकॉल की मोबाइल वैन उपलब्ध कराई थी। साथ ही बबल खान के एक अन्य रिश्तेदार महबूब भयो ने हथियार खरीदने के लिए संदिग्धों को 400000 रुपये मुहैया कराए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इश्तियाक लशारी कच्चा क्षेत्र के डकैतों को हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का प्रमुख सदस्य है।

उल्लेखनीय है कि सिंध पुलिस ने कच्चा क्षेत्र के डकैतों को हथियारों की आपूर्ति के प्रयास को विफल कर दिया और 19 अप्रैल को शिकारपुर में कथित रूप से अपराध में शामिल तीन पुलिसकर्मियों सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया। इसके बाद सिंध के पुलिस महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन ने उप महानिरीक्षक लरकाना की अध्यक्षता में जांच के लिए एक जेआईटी का गठन किया था।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों के कब्जे से हजारों गोलियां और दो कलाश्निकोव बरामद किए गए। प्रवक्ता ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के वन और वन्यजीव सलाहकार की सुरक्षा में तैनात पुलिस मोबाइल में हथियारों की खेप बलूचिस्तान से शिकारपुर पहुंचाई जा रही थी।

जैकोबाबाद के मोलादाद पुलिस में इंस्पेक्टर इश्तियाक अहमद के शिकायतकर्ता के रूप में चार हथियार तस्करों, एक एएसआई और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन लोगों में इख्तियार अहमद लशारी, नबील अहमद भयो, तौफीक अहमद गुज्जर, जाकिर हुसैन भयो, एएसआई इम्तियाज अहमद भयो और कांस्टेबल सनाउल्लाह मंगनहार और बकाउल्लाह उन्नार शामिल हैं। इस घटना के बाद बबल खान ने इस्तीफा देते हुए 'पारदर्शी जांच' की मांग की थी।

## नेपाल: चीन से हुए सौ किलो सोने की तस्करी के मामले में कई भारतीय एजेंट गिरफ्तार

**काठमांडू।** पिछले वर्ष चीन से नेपाल के रास्ते भारत ले जाने के लिए आए सौ किलो सोने की तस्करी के मामले में नेपाल पुलिस ने कई भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किया है।

नेपाल पुलिस की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने सोने की तस्करी के मामले में भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी कोर्ट में दी है। हांगकांग से मोटरसाईकिल के ब्रेक शू में रख कर विमान से काठमांडू लाया गया था। बाद में पुलिस ने सूचना के आधार पर कई ठिकानों पर छापा मारकर एक क्विंटल सोना बरामद किया था। उस समय पुलिस ने बताया था कि बरामद किए गए सोने को नेपाल के रास्ते भारत में भेजने की तैयारी थी। सीआईबी ने विशेष अदालत में इस मामले में जो पूरक चार्जशीट जमा की है, उसके मुताबिक भारत से तस्करी के सोने को लेने के लिए नेपाल आए भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार कर सीआईबी कस्टडी में रखे जाने की जानकारी दी गई है। चार्जशीट में दी गई जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार होने वाले में महाराष्ट्र जलगांव के 32 वर्षीय प्रशांत गणेश बजवलकर, महाराष्ट्र मुम्बई के अशोक गायकवाड, धीरज निदेश बैटे, कोलकाता के श्रीधर मजूमदार और अविनेश अग्रवाल शामिल हैं।

सीआईबी ने पिछले दिनों कुछ नेपाली नागरिकों को भी गिरफ्तार करने की जानकारी दी है। चार्जशीट के मुताबिक काभ्रे के कान्छा मान लामा, बीरगंज के सुरेन्द्रमान श्रेष्ठ, धादिंग के प्रेमनाथ सेढाई, उदयपुर की उषा खत्री निरौला और तिब्बती नागरिक गंगा टासी है।

## मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के प्रचंड भी होंगे साक्षी, नई दिल्ली जाने का कार्यक्रम तय

**काठमांडू।** भारत में रविवार को होने वाले नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में नेपाल के के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड भी हिस्सा लेंगे। नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। प्रचंड की यात्रा का कार्यक्रम आधिकारिक रूप से तय हो गया है। यह जानकारी सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रचंड के साथ उनकी बेटी गंगा दाहाल, कानून मंत्री पदम गिरी, विदेश सचिव सेवा लम्साल और चीफ प्रोटोकॉल अफिसर विष्णु प्रसाद गौतम भी होंगे। यह सभी लोग रविवार दोपहर करीब सवा एक बजे नेपाल एयरलाइंस के विमान से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम को छह बजे से शपथ ग्रहण समारोह में सहभागी होंगे।

सरकारी प्रवक्ता रेखा शर्मा के अनुसार रविवार रात भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले सभी विदेशी मेहमानों को रात्रिभोज पर आमंत्रित किया है। प्रचंड रात्रिभोज में शामिल होंगे।10 जून को प्रधानमंत्री प्रचंड की भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अनौपचारिक द्विपक्षीय वार्ता होगी।प्रचंड सोमवार को स्वदेश वापसी करेंगे।

## मिसाइलों का इस्तेमाल कर हूती ने लाल सागर में दो जहाजों को निशाना बनाया



**सना** : यमन के हूती समूह ने लाल सागर में दो वाणिज्यिक जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हमलों ने उन कंपनियों के दो जहाजों को निशाना बनाया, जिन्होंने इजरायली बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के हूती के फरमान का उल्लंघन किया था. उन्होंने जहाजों की पहचान एल्बेला और एएएल जेनोआ के रूप में की. हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में सरिया ने कहा कि हमले में "कई ड्रोन, बैलिस्टिक और नौसैनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था, और निशाना सटीक था". उन्होंने अपना प्रण दोहराया कि जब तक "इजरायल गाजा पर हमले बंद नहीं कर देता, तब तक हूती इस तरह के और हमले करेंगे." इससे पहले अल-मसीरा टीवी ने बताया था कि "अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन ने राजधानी सना और बंदरगाह शहर होदेइदाह पर कई हवाई हमले किए". स्थानीय निवासियों के अनुसार , हवाई हमलों ने दोनों शहरों में हूती सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया. हूती समूह ने पिछले साल नवंबर से गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाकर एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से हमले किये हैं।